हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.9 डिग्री


तत्कालीन माशिम अध्यक्ष बीकेएस रे ने हरिभूमि को बताया, कैसे हुई जांच की शुरुआत

# पोराबाई की उत्तरपुस्तिकाओं में शेक्सपियर सहित दिग्गजों का जिक्र, एमए इंग्लिश गोल्ड मेडलिस्ट सरीखे थे उत्तर

**पोराबाई नकल प्रकरण : 17 साल बाद कोर्ट ने सुनाई सजा, मिले थे 500 में से 484 अंक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि तत्काल

2008 के बहुचर्चित पोराबाई नकल प्रकरण में अंततः न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। छत्तीसगढ़ के इस बहुचर्चित नकल प्रकरण ने पूरे प्रदेश को हिला दिया था। बोर्ड परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठने लगे थे। विलंब से ही सही, लेकिन दोषियों को सजा मिलने पर शिक्षाविदों ने संतोष व्यक्त किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के तत्कालीन अध्यक्ष रहे बीकेएस रे हरिभूमि को बताया कि किस तरह मामले की परत खुली और क्यों उन्होंने जांच का निर्णय लिया। बकौल बीकेएस रे... 2008 में मैं माशिम का अध्यक्ष था। मेरे अधीनस्थ कर्मचारी आए और उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम तैयार हो चुका है। मेरिट लिस्ट भी बनाई जा चुकी है। आप इस पर हस्ताक्षर कर दीजिए ताकि हम इसकी घोषणा कर सकें। मैं खुश हुआ कि हमने समय रहते परीक्षा संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया। अगले दिन परीक्षा परिणामों के साथ-साथ मेरिट लिस्ट भी जारी हुई। पोराबाई 12वीं कक्षा की टॉपर बनी। मीडिया संस्थानों में उसके साक्षात्कार छपे। मुझे जानकार खुशी हुई कि ग्रामीण और गरीब परिवार की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे 500 में से 484 अंक मिले थे। मैंने उत्सुकतावश उसकी उत्तरपुस्तिकाएं मंगवाई। मैं बस ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को देखना चाह रहा था। यह कदम पूर्ण रूप से अंतरआत्मा की आवाज पर उठाया।

### एक भी कांट-छांट नहीं

मेरिट लिस्ट की घोषणा होने के अगले दिन ही टॉपर की उत्तरपुस्तिका मेरे मेज पर थी। जब मैंने छात्रा की उत्तरपुस्तिकाएं देखी तो मैं आश्चर्यचकित रह गया। गणित जैसे विषय में भी एक भी कांट-छांट नजर नहीं आई। फिजिक्स-कैमेस्ट्री जैसे विषयों में भी एक भी त्रुटि नहीं थी। बेहत साफ-सुंदर हैंडराइटिंग में उत्तर लिखे गए थे। इसके बाद जब मैंने इंग्लिश भाषा की उत्तरपुस्तिका देखी तो मेरा शक यकीन में बदल गया। मैं इंग्लिश भाषा का विशेषज्ञ रहा हूं। 12वीं की छात्रा ने इंग्लिश के पर्चे में जिस स्तर की इंग्लिश लिखी थी, वो चौंकाने वाली थी। शेक्सपीयर सहित कई बड़े अंग्रेजी साहित्यकारों का जिक्र था। किसी एमए इंग्लिश गोल्ड मेडलिस्ट ने कॉपियां लिखी हैं, ऐसा आभास हुआ। 12वीं की छात्रा के लिए यह संभव नहीं था।

### जारी हुई थी नई मेरिट लिस्ट

इसके बाद हमने माध्यमिक शिक्षा मंडल की टीम जांच के लिए गांव भेजी। वहां ग्रामीणों ने बातचीत में बताया कि पोराबाई पढ़ने में विशेष रूप से अच्छी नहीं है। वह 2-3 बार पिछली कक्षाओं में फेल भी हो चुकी है। उत्तरपुस्तिकाओं में हस्ताक्षर भी उसके नहीं थे। जांच में शक के पुख्ता होने के बाद हमने मेरिट लिस्ट रद्द कर दी। नई मेरिट लिस्ट जारी की गई। जो भी दस्तावेज हमने एकत्र किए थे, उनके आधार पर रिपोर्ट बनाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई। लंबी चली सुनवाई के बाद न्याय की जीत हुई। फैसले ने अब जाकर राहत पहुंचाई है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने भिलाई के एक अस्पताल में ड्रेसर का काम करने वाला अमित सेन को गिरफ्तार किया है। एनएसयूआई नेता शांतनु झा की शिकायत पर पुलिस ने अमित सेन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

### कैफे में ऑनलाइन बेटिंग, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने मोबाइल से ऑनलाइन नसीब डॉट कॉम से सट्टा संचालित करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में कमल विहार निवासी संतोष वाधवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महावीर नगर चौक स्थित मिलेनियम कैफे में छापे की कार्रवाई करते हुए संतोष को ऑनलाइन सट्टे पर लोगों से दांव लगवाते गिरफ्तार किया है।

### ज्वेलरी शॉप में चेन की चोरी कारोबारी की पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक ज्वलेरी शॉप से 50 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा से एक कारोबारी की पत्नी को गिरफ्तार किया है। चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, काटाभांजी से निशा गुप्ता नाम की महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ भोरावत एंड संस ज्वेलरी के संचालिक प्रिंस जैन ने 15 जनवरी को चेन चोरी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### डीडीनगर में सिलसिलेवार चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** डीडीनगर तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरोह बनाकर आवासीय कालोनी के सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार लाख रुपए कीमत की चोरी का माल बरामद किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने दुर्ग, अम्लेश्वर निवासी सिद्धार्थ सिंह उर्फ सिद्धू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सिद्धू ने पुलिस को बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पिछले दो सालों में 10 चोरी की घटनाएं की हैं। डीडीनगर में उसके खिलाफ कुल 14 चोरी के अपराध दर्ज हैं।

### कम कीमत पर अच्छा भोजन देने रेलवे शुरू करेगा फूड वैन, मिलेगा ताजा भोजन

# स्टेशन पर मिलेगा शहर का सबसे सस्ता खाना 25 रुपए में दाल-चावल, राजमा और व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा और उनकी जेब का ख्याल रखते हुए स्टेशनों पर कम कीमत में अच्छा, ताजा और गर्म भोजन उपलब्ध कराने फूड वैन की सुविधा की शुरुआत करने में जुटा हुआ है। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशन परिसरों में अब ''फूड वैन'' संचालित की जाएंगी, जहां यात्रियों को मात्र 25 रुपए में इकोनॉमी मील उपलब्ध कराया जाएगा। रेलवे की इस योजना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को महंगाई से राहत देना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन मुहैया कराना है। वर्तमान में स्टेशन पर उपलब्ध सबसे सस्ता भोजन 15 रुपए वाला जनता खाना है, लेकिन व्यावहारिक तौर पर यह यात्रियों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता। इसमें होने वाले नुकसान या बेहद कम मुनाफे की वजह से वेंडर्स इसे तैयार करने से कतराते हैं, जिसके कारण तत्काल मांग पर यात्रियों को सस्ता भोजन नहीं मिल पाता।

इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे ने फूड वैन की योजना बनाई है, ताकि यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों को भी किफायती दरों पर आसानी से खाना मिल सके। प्रस्तावित फूड वैन में लोग ▶▶ शेष पेज 13 पर

**ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को सस्ता और ताजा खाना सुगमता से मिल सकेगा**



### फूड वैन में मिलेगा इकोनॉमी मील

रेलवे स्टेशन परिसर में फूड वैन की योजना बनाई है, ताकि लोगों को भी किफायती दरों पर ताजा व आसानी से खाना मिल सके। फूड वैन में लोग इकोनॉमी मील 25 रुपए की कीमत में दाल-चावल, छोले-पुड़ी, राजमा-चावल समेत गर्म पकोड़े और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके लेकर जल्द टेंडर किया जाएगा।

- **अवधेश कुमार त्रिवेदी**, सीनियर डीसीएम

### 110 की थाली के मुकाबले 25 रुपए में भोजन

स्टेशनों पर नई फूड वैन सेवा शुरू होने के बाद भी पहले से मिल रहे जनता खाना की सुविधा बंद नहीं होगी, बल्कि वह पूर्ववत जारी रहेगी। हालांकि कई बार वेंडर्स द्वारा जनता खाना उपलब्ध न करा पाने या समय पर न मिलने की स्थिति में अब यात्रियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि उनके पास कम पैसे में भरपेट भोजन करने के लिए फूड वैन के रूप में दूसरा विकल्प मौजूद रहेगा। वर्तमान में स्टेशन परिसर में स्थित होटलों और स्टॉलों पर महंगाई काफी ज्यादा है, यहां नाश्ते की शुरुआत ही 60 रुपए से होती है और एक थाली की कीमत 110 रुपए तक है। ऐसी स्थिति में फूड वैन न केवल सस्ता विकल्प देगी, बल्कि यात्री यहां आराम से बैठकर भोजन भी कर सकेंगे। रेलवे प्रशासन इस योजना को जल्द शुरू करने के लिए इसी महीने टेंडर जारी कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहा है।

### फूड वैन में नो पिज्जा-बर्गर

*रेलवे प्रशासन ने अपनी नई फूड वैन योजना में यह स्पष्ट कर दिया है कि इसमें पिज्जा, बर्गर या अन्य किसी भी तरह का फास्ट फूड नहीं बेचा जाएगा। रेलवे का पूरा जोर यात्रियों को पौष्टिक इकोनॉमी मील उपलब्ध कराने पर है, जिसके तहत 25 रुपए की किफायती दर पर केवल दाल-चावल, छोले-पुड़ी, राजमा-चावल और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन ही परोसे जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि इतनी कम कीमत में महंगा फास्ट फूड उपलब्ध कराना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। इस पहल के साथ ही राजधानी में रेलवे स्टेशन संभवत पहली ऐसी जगह बन जाएगा, जहां मात्र 25 रुपए में पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। फूड वैन को स्टेशन परिसर के खुले क्षेत्र, सर्कुलेटिंग एरिया में स्थापित करने के पीछे एक अहम तकनीकी और सुरक्षा कारण भी है। स्टेशन के बाहर खुले में होने की वजह से वैन में खाना पकाने के लिए एलपीजी गैस का उपयोग करना सुरक्षित और संभव हो सकेगा, जिसकी अनुमति प्लेटफॉर्म पर नहीं होती। इस व्यवस्था से न केवल ट्रेन यात्रियों को, बल्कि स्टेशन आने वाले आम नागरिकों को भी सबसे सस्ता और ताजा भोजन आसानी से मिल सकेगा।*

# गांधी की पुण्यतिथि के दिन भी खुली रहेंगी शराब दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहली बार 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन भी शासकीय शराब दुकानें खुली रहेंगी। इससे पहले यह दिन ड्राई डे घोषित था, जिसके कारण प्रदेशभर में शराब की दुकानों को पिछले कई सालों से बंद भी रखा जाता था, लेकिन शासन ने चालू वर्ष में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन को ड्राई डे से मुक्त कर दिया है, जिसके बाद अब शराब की दुकानें भी इस दिन खुली रहेंगी।

### प्रदेश में सालभर में 7 दिन ड्राई डे घोषित थे, इनमें 3 घटे

प्रदेश में पहले 7 दिन ड्राई डे घोषित थे। इनमें 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती, मोहर्रम, 18 दिसंबर बाबा गुरु घासीदास जयंती, 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तथा होली शामिल है। इनमें से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, मोहर्रम एवं होली को ड्राई डे से मुक्त कर दिया है। इस तरह 30 जनवरी की तरह मोहर्रम एवं होली के दिन भी शराब की दुकानें अब खुली रहेंगी।

### घटाए गए ड्राई डे

शासन के नए आदेश के तहत सालभर में घोषित 7 ड्राई डे में से 30 जनवरी, मोहर्रम एवं होली को मुक्त कर दिया है। इस नए आदेश के तहत इन दिनों भी अब शराब दुकानें खुली रहेंगी।

- **राजेश शर्मा**, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

# जेल के सिस्टम में सेंध, प्रेमी के जन्मदिन पर मुलाकाती कक्ष में युवती ने बनाया रील

## जेल में सुरक्षा को लेकर जेल प्रबंधन पर उठ रहा सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एनडीपीएस एक्ट के आरोप में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद एक युवक तथा उसकी प्रेमिका का मिलने का वीडियो सामने आया है। युवती अपने प्रेमी से मुलाकात कक्ष में मिलने के लिए पहुंची थी। वायरल वीडियो में लड़की कहती है कि 'आज मेरे जान का जन्मदिन है, मैं उससे मिलने सेंट्रल जेल आई हूं। तकलीफ तो बहुत होती है कि वो मेरे साथ नहीं है। उसके जन्मदिन पर मैं उसके पास नहीं हूं, पर मिलने आई हूं, देखती हूं उसका रिएक्शन कैसा है। वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मुलाकात कक्ष में मोबाइल या किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर रोक है। इसके बावजूद लड़की वहां मोबाइल कैसे ले गई? इस पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं जेल प्रबंधन का इस मामले में अब तक किसी तरह का बयान सामने नहीं आया है। जेल में अपने प्रेमी से मिलने पहुंची युवती का नाम नेहा है। युवती जिस युवक से मिलने पहुंची थी उस युवक का नाम तारकेश्वर बताया जा रहा है। जेल में तारकेश्वर से मिलने पहुंची नेहा के बीच मुलाकाती ▶▶ शेष पेज 13 पर

- रोक के बावजूद मुलाकाती कक्ष में मोबाइल ले जाने को लेकर उठ रहा सवाल

### वीडियो वायरल होने के बाद मिली जानकारी

*जेल में तारकेश्वर से मिलकर लौटने के बाद नेहा ने वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट किया। तब युवती द्वारा जेल के मुलाकाती कक्ष में जाकर प्रेमी के साथ रील बनाने की जानकारी मिली। युवती ने अपने पेज पर एक और वीडियो अपलोड किया है। वीडियो में खुदा गवाह फिल्म का गाना 'तू ना जा मेरे बादशाह' गाना एडिट करके लगाया है। यह वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ, जिसके बाद मामला चर्चा में आ गया। इस संबंध में जेल प्रशासन मामले की जांच के बाद कुछ कहने की बात कह रहा है।*

### सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

*जेल नियम के अनुसार अगर कोई व्यक्ति किसी बंदी से जेल में मिलने के लिए जाता है, उसकी पहले बारीकी से जांच की जाती है। मोबाइल या अन्य संदिग्ध सामान होने पर जेल कर्मी जमा कराकर एक टोकन देते हैं। इसके बाद उस व्यक्ति की मुलाकाती कक्ष में बंदी से मुलाकात होती है। मुलाकाती कक्ष में पारदर्शी दीवार होती है। दोनों एक दूसरे के साथ जेल प्रहरी की मौजूदगी में लैंड लाइन फोन से बात करते हैं। इतने सख्त नियम होने के बावजूद युवती का मुलाकाती कक्ष में मोबाइल ले जाने से जेल सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।*

### तीन माह पूर्व भी जेल में जिम करने का वीडियो वायरल

जेल में रील बनाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी झारखंड पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर अमन साव का रायपुर सेंट्रल जेल से वीडियो वायरल हो चुका है। ऐसे ही जेल के अंदर से तीन माह पूर्व एक और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हत्या तथा कई गंभीर अपराध में जेल में बंद कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ का जेल के अंदर से कसरत करने का वीडियो वायरल हुआ था।

## महापुरुषों की प्रतिमाओं की होगी पूछपरख, हर सप्ताह सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नगर निगम का संस्कृति विभाग शहर के प्रमुख स्थानों पर स्थापित महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की आदमकद प्रतिमा की नियमित देखरेख की व्यवस्था करेगा। इसके लिए विभाग की ओर से एक प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें प्रति सप्ताह इन महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई से लेकर प्रतिमा में जमी धूल की परत हटाने धुलाई और पुरानी फूलमाला को बदलकर नई फूलमाला बदलने का कार्य प्रमुखता से किया जाएगा। इसके लिए निगम का संस्कृति विभाग जल्द टेंडर कर एजेंसी तय करेगा। इस कार्य में एक वर्ष में 4 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। राजधानी में अब ▶▶ शेष पेज 13 पर

*नार्थ जोन के डीसीपी ने बदमाशों को कराई परेड अपराध से दूर करने दी चेतावनी*

# पुलिस ने दबोचे 100 बदमाश इनमें 80 साल का कोचिया भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। तीन जोन में बंटे शहर के 21 थाना क्षेत्रों में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर 72 बदमाश जिनमें हिस्ट्रीशीटर से लेकर चाकूबाज तथा अन्य तरह के अपराध में संलिप्त हैं, उनको थाना हाजिर कर परेड कराई। एक अन्य मामले में पुलिस ने एक बुजुर्ग को शराब के अवैध कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

नार्थ जोन के थाना क्षेत्र उरला, खमतराई, ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 23 संदिग्धों पर कसा शिकंजा

पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन में डीसीपी उमेश गुप्ता के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब दुकान से लेकर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर अड्डेबाजी करने वालों से लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहे 23 बदमाशों को दबोचा है। दबोचे गए बदमाशों में एक के कब्जे से तलवार तथा अन्य बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने तीन चाकू जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

## अभी भी एडीएम के आदेश पर बदमाश भेजे जा रहे जेल

# कमिश्नरेट के छह दिन, अभी भी पुराने सिस्टम से दर्ज हो रहे अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए छह दिन हो गए हैं। सिस्टम को पूरी तरह से अमल में लाने शासन स्तर पर युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने पर कमिश्नर तथा कमिश्नरेट में शामिल अन्य अफसरों को जो कानूनी शक्तियां प्रदान की गई हैं, उसके लिए अब तक प्रयास नहीं किया गया है। एक्सपर्ट के अनुसार कानून व्यवस्था में कसावट लाने कमिश्नर तथा कमिश्नरेट में शामिल अन्य पुलिस अफसरों को उनकी कानूनी शक्तियां तत्काल प्रभाव से मिलनी चाहिए। कमिश्नरेट में अभी भी तकनीकी स्तर पर पुरानी पुलिस व्यवस्था लागू है। राजधानी के शहरी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### बदमाशों की एडीएम कोर्ट में पेशी

जिन बदमाशों के खिलाफ छह दिनों में पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की है, उन बदमाशों को पुराने नियम तथा कानून के तहत पुलिस ने एडीएम कोर्ट में पेश कर जेल भेजने का कार्य ▶▶ शेष पेज 12 पर



### अफसरों का दो दिन प्रशिक्षण

पुलिस कमिश्नरेट में शामिल पुलिस अफसरों का शुक्रवार तथा शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को उनकी कानूनी शक्तियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा कार्रवाई करने के संबंध में उन्हें जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में डीसीपी से लेकर एडीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सहित थानों के टीआई शामिल होंगे।

### तय नहीं कानूनी शक्तियों का पालन किस स्तर के अधिकारी करेंगे

*एनएसए, जिला बदर जैसी कार्रवाई करने का अधिकार पुलिस कमिश्नर के साथ असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर के पास होगा। इसके अलावा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने का अधिकारा डीसीपी स्तर के अधिकारियों को मिलेगा। इसके साथ ही एडीसीपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को प्रतिबंधात्मक धारा के तहत बदमाशों को जेल भेजने के अधिकार मिलेंगे या नहीं, यह अब तक क्लीयर नहीं है। कानूनी मामलों के जानकारों के अनुसार एडीसीपी स्तर के पुलिस अफसरों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने का अधिकार मिलना चाहिए। इससे डीसीपी पर कार्य का दबाव कम होगा।*

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में तत्कालीन सरपंच से पैसों की रिकवरी करने दर्ज है आरआरसी प्रकरण

# 75 प्रतिशत राशि का भुगतान के बाद भी 40 फीसदी कार्य अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नकटा में वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के दौरान स्वीकृत कार्यों के एवज में लाखों रुपयों का घोटाला करने का मामला उजागर हुआ है। तत्कालीन सरपंच के कार्यकाल में विभिन्न सात कार्यों को पूर्ण कराने के लिए स्वीकृत 36 लाख 48 हजार राशि के एवज में 27 लाख 12 हजार 712 रुपए जारी किया गया था।

इस जारी राशि के एवज में 26 लाख 66 हजार 912 रुपए व्यय भी किया जा चुका है। इसके बाद भी 40 प्रतिशत कार्य अपूर्ण हैं। इधर यह मामला उजागर होने के बाद जनपद पंचायत आरंग की ओर से तत्कालीन सरपंच के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में आरआरसी प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि इन प्रकरणों पर फैसला आना अभी बाकी है।

- मंदिर हसौद के ग्राम नकटा का मामला
- लाखों का घोटाला करने का मामला उजागर हुआ


फाइल फोटो

### नियमित सुनवाई नहीं इसलिए प्रकरण लंबित

सूत्रों के अनुसार सरपंच के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी के कोर्ट में दर्ज आरआरसी के प्रकरण में नियमित सुनवाई नहीं हो पा रही है। इसके कारण इन प्रकरणों में आदेश भी जारी नहीं हो पा रहा है।

### आदेश जारी होते ही करेंगे रिकवरी

आरंग एसडीएम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है। आदेश जारी होते ही पैसों की रिकवरी करने की कार्यवाही की जाएगी।

- **कुमार विश्वदीप**, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### 26.66 लाख रुपए की होनी है वसूली

जनपद पंचायत आरंग ने इस मामले में सरपंच से 26 लाख 66 हजार रुपए की वसूली के लिए राजस्व के अनुविभागीय अधिकारी के कोर्ट में आरआरसी प्रकरण दर्ज किया है। इस प्रकरण में जनपद पंचायत के पक्ष में फैसला आने के बाद सरपंच से यह राशि वसूल की जाएगी। अधिकारिक सूत्र के अनुसार सरपंच को पहले वसूली की राशि जमा करने के लिए समय दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर राशि जमा नहीं की जाती है, तो उसकी संपत्ति कुर्क करके यह राशि वसूल की जाएगी।

### इन कार्यों को मिली थी स्वीकृत

*श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अंतर्गत अलग-अलग वर्ष में ग्राम नकटा ग्राम पंचायत के 7 कार्यों को स्वीकृति दी गई थी। इनमें 2 फरवरी 2019 को संतोष पटेल के घर से केशव सोनी के ब्यारा तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण, पवन के घर से सुभाष सरोज के घर तक पक्का नाली निर्माण का कार्य, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 के उन्नयन एवं आवश्यक सामग्री खरीदी, सोनेलाल के घर से प्रमोद के घर तक पक्का नाली निर्माण,पवन यादव के घर से पीडीएस भवन तक पेवर ब्लॉक कार्य, घासीदास चौक से टारनाली तक पेवर ब्लॉक कार्य तथा मशरूम शेड का निर्माण कार्य शामिल है। इन सातों कार्यों के लिए योजना के तहत कुल 3648891 राशि स्वीकृत की गई थी। इस स्वीकृत राशि के एवज में ही ग्राम पंचायत को 2712712 रुपए की राशि जारी हुई थी, जिसमें से 2666912 रुपए की राशि व्यय भी हो चुकी है।*

# भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी से ओवर एज होंगे आउट, अंडर होंगे इन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी ओवर एज बनाए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किसी भी हाल में अंडर 35 को ही पदाधिकारी बनाने का फरमान जारी किया है, इसके बाद भी ओवर एज को पदाधिकारी बना दिया गया है। ओवर एज पदाधिकारियों के बारे में बताया जा रहा है कि ये उम्र का गलत दस्तावेज देकर पदाधिकारी बन गए हैं। इस खबर को हरिभूमि ने 19 दिसंबर को प्रकाशित भी किया था। अब भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज पाए गए हैं। जो भी ओवरएज पदाधिकारी हैं, उनको बाहर करने के लिए प्रदेश संगठन के सामने प्रस्ताव रखा जाएगा, वहां से जैसे दिशा निर्देश मिलेंगे, उसके हिसाब से फैसला होगा। किसी भी ओवर एज को पद में नहीं रखा जाएगा।

भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से मिले निर्देश के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन ने स्पष्ट रूप से यह निर्देश जारी किया था कि भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा और जिलाध्यक्ष 33 साल से ज्यादा के नहीं होने चाहिए। इस निर्देश के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी में करीब आठ पदाधिकारियों के ओवर एज होने की बात सामने आ रही है।

### आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया गया है प्रदेश पदाधिकारी



### दस्तावेज जांच की जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी थी

*भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए भाजयुमो के पास जो भी नाम भेजे गए हैं सभी नाम जिलों से आए हैं। भाजपा संगठन के जिलाध्यक्षों को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वे जिन भी पदाधिकारियों के नाम भाजयुमो को भेजें उनके उम्र के दस्तावेज जांच कर ही नाम भेजें। जानकारों का कहना है कि जिनके भी नाम भाजयुमो को भेजे गए हैं, उनके दस्तावेज जिलों में जांच गए हैं, लेकिन कुछ लोगों ने पद पाने के लिए उम्र के गलत दस्तावेज दिए हैं। इसकी शिकायत होने पर इस बात का खुलासा हुआ है। अब इसकी जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज पाए गए हैं। इनको बाहर करने की कवायद चल रही है। संभावना है कि नए प्रदेश प्रभारी के आने के बाद उनको भी जानकारी देकर ओवर एज पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।*

### करेंगे बाहर

प्रदेश की कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारियों के ओवर एज होने की शिकायत मिली है। इस शिकायत के आधार पर दस्तावेजों की जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज मिले हैं। इनको बाहर किया जाएगा और इनके स्थान अंडर एज को पद दिए जाएंगे।

- **राहुल टिकरिया**, अध्यक्ष, भाजयुमो

## यूजीसी : विरोध में क्षत्रिय महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** यूजीसी के नए कानून के विरोध में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, पूरे प्रदेश में केंद्रीय महासभा और 37 उप समितियों द्वारा गुरुवार को विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी के ये नए प्रावधान समाज में विभाजन को बढ़ावा दे सकते हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों में आपसी सौहार्द्र को प्रभावित कर सकते हैं। इस मौके पर राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी विष्णु सिंह राजपूत सहित संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन प्रावधानों से गंभीर संवैधानिक और कानूनी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिन पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। वक्ताओं ने जोर दिया कि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना और समान अवसर प्रदान करना होना चाहिए, लेकिन यूजीसी के नए नियम इसका विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष ठाकुर बजरंग सिंह बैस, पंकज सिंह भुवाल, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, अनुराग सिंह सदस्य उपस्थित रहे।

सालभर पहले आम आदमी पार्टी ने गोपाल साहू को बनाया था प्रदेशाध्यक्ष

# दो साल में दूसरे प्रदेशाध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी, अब उत्तम जायसवाल को कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रही आम आदमी पार्टी को गुरुवार को एक बार फिर झटका लगा है। सालभर पहले प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए गोपाल साहू ने ना सिर्फ अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, बल्कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। दो वर्ष के अंतराल में यह दूसरी बार है, जब आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने पद के साथ-साथ पार्टी भी छोड़ दी हो। इसके पहले 2024 में कोमल हुपेंडी ने भी प्रदेशाध्यक्ष के पद से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वॉइन कर ली थी। इसके लगभग सालभर बाद 2025 में गोपाल साहू को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। गोपाल साहू ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे में पार्टी व पद छोड़े जाने के कारण का जिक्र नहीं किया गया है।



### चल रही थी खींचतान

आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ संगठन में हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद उत्तम जायसवाल को नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। इसके पहले वे कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष की भूमिका में थे। तीन माह पूर्व उत्तम जायसवाल को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इसके बाद से ही खींचतान प्रारंभ हो गइ थी। स्थायी प्रदेशाध्यक्ष के होते हुए कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने से एक खेमे में नाराजगी थी। पार्टी के कार्यक्रमों और विरोध-प्रदर्शन से भी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने दूरी बना ली थी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष द्वारा ही संपूर्ण कार्यों का निर्वहन किया जा रहा था।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ठोकने बोले

# सीजीपीएससी घोटाले को हाईकोर्ट ने ही हत्या से भी अधिक जघन्य अपराध कहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) घोटाले के आरोपितों की जमानत याचिका को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने जो कड़ी टिप्पणी की है, उससे कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कालिख से सने राजनीतिक चरित्र की बानगी पेश हुई है। श्री ठोकने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तो शर्म महसूस करनी चाहिए कि यह घोटाला उनकी सरकार के संरक्षण में हुआ और प्रदेश की युवा पीढ़ी के भविष्य से खिलवाड़ करके तत्कालीन भूपेश सरकार ने एक पूरी पीढ़ी को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।



श्री ठोकने ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस घोटाले के आरोपितों तत्कालीन चेयरमैन टामन सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, उपपरीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर और अन्य आरोपितों की जमानत याचिका को इस टिप्पणी के साथ खारिज किया है कि घोटालेबाजों ने ऐसा कार्य किया है, जो हत्या से भी अधिक जघन्य अपराध है। यह मामला बाड़ ही खेत को खा रही है का स्पष्ट उदाहरण है। परीक्षा प्रक्रिया में जिम्मेदार व्यक्तियों ने गोपनीयता और पवित्रता बनाए रखने में गंभीर लापरवाही बरती है। श्री ठोकने कहा, सीजीपीएससी ने 2020-2022 के बीच परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें आरोपितों पर पेपर लीक कर अपने रिश्तेदारों और परिचितों का चयन कराने का गंभीर आरोप लगा था। भाजपा शुरू से इस घोटाले को लेकर संवेदनशील रही और युवाओं को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव के अपने संकल्प पत्र में इस घोटाले की सीबीआई जाँच कराने का वादा किया और इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच गई। जनता की अदालत में भूपेश सरकार को करारी शिकस्त मिली और अब उच्च न्यायालय ने इसे हत्या से भी जघन्य अपराध बताया है।



## खबर संक्षेप

### संत रविदास जयंती एक फरवरी को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज द्वारा 1 फरवरी को संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम महादेवघाट स्थित संत गुरु रविदास मंदिर के केंद्रीय कार्यालय में दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगी। यह जानकारी युवराज लहरी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत होंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े, राज्यमंत्री ध्रुव कुमार मिर्धा, मेहर समाज केंद्रीय अध्यक्ष खेमराज बाकरे के अलावा एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, मंशाराम लहरी, नरेश लदेर आदि शामिल होंगे।



### धान खरीदी की तिथि बढ़ाने को लेकर चक्काजाम आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला, ब्लाक, मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से मनरेगा बचाओ आंदोलन को और अधिक प्रभावी, सशक्त एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश तय किये गए तथा मनरेगा बचाओ संग्राम की आगामी रणनीति, कार्यक्रमों के समन्वय तथा संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही धान खरीदी की अव्यवस्था और किसानों की परेशानी पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। मनरेगा बचाओ समन्वयक उमेश पटेल के उपस्थिति में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश स्तर पर गठित समन्वय समिति की बैठक में तय किया गया कि प्रदेश में धान ख़रीदी को लेकर किसानों को हो रही परेशानी को लेकर तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर 30 जनवरी को प्रदेश, जिला और ब्लॉक में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस 31 जनवरी से 7 फरवरी तक सभी जिलों के कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे।

### ज्वेलरी दुकान से लाखों का सोना पार



**रायपुर।** नयापारा शंकर चौक स्थित एक ज्वेलरी दुकान से लाखों का सोना चोरी हो गया। दुकान संचालक नंदकुमार सोनी ने गोलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी दुकान से 60 ग्राम सोना चोरी हो गया है, जिसकी कीमत 7 लाख 80 हजार रुपए है। उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोना उसकी दुकान में काम करने वाले कारीगर ने चोरी किया है, जिसका नाम राजू है। पुलिस ने इस मामले में धारा 306 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### पूर्णिमा औसर

**रायपुर।** सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा निवासी पूर्णिमा औसर (95) का 29 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. मेहतर औसर की पत्नी और बेनीराम, माणिकराम, दिलीप, प्रकाश, राजेंद्र एवं रामकुमार की माता एवं पार्षद महेंद्र औसर, नागेश, रवि, संदीप, चंदन, उमेश, उदित, चिन्टू तारेश, डुगेंद्र की दादी थीं।



### बृजभूषण लाल वस्त्रकार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर निवासी बृजभूषण लाल वस्त्रकार (78) का 29 जनवरी को निधन हो गया। उसका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर श्मशान घाट में किया गया। वे पंकज, राजेश, बृजेश, अविनाश वस्त्रकार के पिता थे।



# गांजा पीने के लिए इस्तेमाल गोगो कोन, स्मोकिंग पेपर बेचने पर पुलिस कमिश्नर ने लगाई रोक

## पुलिस कमिश्नर बनने के बाद जनसरोकार से जुड़े मामले में जारी किया पहला आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रतिबंधित मादक पदार्थ पीने में इस्तेमाल सामान बेचते पकड़े जाने पर होगी जेल

पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने जनता से जुड़े मामलों पर गुरुवार को पहला आदेश जारी करते हुए गांजा, चरस तथा अन्य तरह के प्रतिबंधित मादक पदार्थ पीने के काम आने वाले सामान पर रोक लगाने आदेश जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के अंतर्गत प्रदान की गई शक्तियों एवं कृत्यों का प्रयोग करते हुए जारी किया है।




### 29 मार्च तक रोक लगाने आदेश

पुलिस कमिश्नर के आदेश के अनुसार रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन, पर्फेक्ट रोल पर 29 मार्च तक रोक लगाई गई है। पुलिस कमिश्नर ने आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध घोषित किया है। उक्त धारा का उल्लंघन करने पर छह माह कैद के साथ जुर्माने का प्रावधान है।

पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ज्ञापन, सामाजिक संगठनों व जनसामान्य से जानकारी मिली कि किशोर तथा युवा वर्ग गांजा, चरस तथा अन्य तरह के मादक पदार्थ सेवन करने रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन, पर्फेक्ट रोल का इस्तेमाल करते हैं। इस पेपर में टाईटेनियम ऑक्साइड, पोटेशियम नाईट्रेट, आर्टिफिसियल डाई, केल्शियम कार्बोनेट तथा क्लोरिन ब्लीच जैसे जहरीले पदार्थ पाये जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिये बेहद घातक हैं और इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने इस पर रोक लगाने आदेश जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने इस पेपर की खरीदी बिक्री करने वाले लोगों को आपत्ति पर सुनवाई करने का मौका भी दिया है।

## भारी विरोध के बीच एनआरडीए ने जिला प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में चलाया अभियान

# नवागांव में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, आधा दर्जन जेसीबी से 16 अवैध मकान-दुकान जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को नवा रायपुर सेक्टर 27 नवागांव में सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने अभियान चलाया। इस दौरान 16 अवैध मकान व दुकान को खाली कराकर जेसीबी मशीन से ढहाया गया। एनआरडीए की इस कार्रवाई का ग्रामीणों ने भारी विरोध किया, महिलाओं ने जेसीबी मशीन के सामने लेटकर विरोध किया, पर भारी पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मचारियों की तैनाती के कारण उनकी एक न चली। तनातनी के बीच पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के साथ सेक्टर 4 नवागांव में प्रशासनिक कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक एनआरडीए ने कुछ दिन पहले सभी रहवासियों और दुकानदारों को नोटिस देकर अपने कब्जे हटा लेने कहा था। उस दिन नोटिस चस्पा करने पहुंचे तहसील और अनुविभागीय राजस्व अमले को विरोध का सामना करना पड़ा था। निर्धारित समय पर कब्जा न हटने के बाद एसडीएम अभनपुर, आरंग दल-बल के साथ गुरुवार को कार्रवाई के लिए पहुंचे।

- नवा रायपुर के सेक्टर 27 में ढहाए अवैध मकान व दुकान
- क्रिकेट अकादमी के लिए आरक्षित भूखंड के दायरे में आ रही थी जमीन



### 10 दिन पहले हुई थी बैठक ग्रामीणों ने किया था विरोध

16 मकान और दुकान को तोड़ने से पहले ग्रामीणों के साथ एनआरडीए के अधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें प्रभावितों ने बिना व्यवस्थापन के उन्हें हटाने के लिए चलाए जाने वाले अभियान का विरोध किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विस्थापन की जगह बताए बिना मकान और दुकानों को तोड़ा गया है, जबकि एनआरडीए के अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाने नोटिस दिया गया था। इसके बाद उन्हें समझाइश भी दी, पर वे नहीं माने तब जाकर प्रभावितों के घरों से समान बाहर निकाला गया।

### भुक्तभोगियों ने लगाया आरोप, जबरिया हटाया घर का सामान

सेक्टर 27 नवागांव में मकान बना कर रहने वाली महिला ने बताया कि पिछले 9 साल से वे यहां रह रही हैं। तोड़फोड़ से पहले हमने व्यवस्थापन के लिए जगह की मांग की, पर हमारी नहीं सुनी गई। जबरदस्ती घर से सामान बाहर निकाल दिया गया। हमें घर का सामान हटाने का समय भी नहीं दिया।

### खपरी में भी 7 मकानों को तोड़ा

नवा रायपुर के सेक्टर 27 नवागांव में अवैध निर्माण तोड़ने के बाद खपरी गांव में अतिक्रमण हटाने टीम पहुंची। टीम के गांव में दाखिल होते ही गांव वालों ने मुख्य मार्ग में टीम को रोका। इस दौरान प्रशासन और ग्रामीणों के बीच जमकर बहस हुई। ग्रामीणों का कहना है, पुरखौती की जमीन नहीं छोड़ेंगे। बाद में एनआरडीए की टीम ने गांव के 7 मकानों को बुलडोजर से तोड़ा। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया और कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हुई। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक 1 माह पहले गांव वालों को नोटिस दिया गया है।

### 6 जेसीबी मशीन, 4 घंटे चला अभियान 16 मकान, दुकान जमींदोज

नवा रायपुर के सेक्टर 27 नवागांव से अतिक्रमण हटाने गुरुवार सुबह एनआरडीए की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। इसके चलते सुबह से ही क्षेत्र में प्रशासनिक हलचल तेज रही और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। एनआरडीए की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था कि बिना उचित व्यवस्थापन किए उन्हें हटाया जा रहा है, जो गलत है। प्रभावित परिवार मौके पर जमा हो गए और अतिक्रमण हटाने का विरोध करने लगे। विरोध के कारण कुछ देर नोकझोंक की स्थिति भी निर्मित हुई। 4 घंटे चले अतिक्रमण हटाओ अभियान में एनआरडीए ने 6 जेसीबी मशीन लगाकर 16 मकान, दुकानों को पुलिस बल की मौजूदगी में जमींदोज किया। सूत्रों के मुताबिक ये सभी मकान, दुकान वहां बनने वाले स्पोट्र्स कांप्लेक्स के लिए आरक्षित आबंटित भूखंड के दायरे में आ रहे थे।

### मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती

नवा रायपुर के सेक्टर 27 नवागांव में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाओ अभियान में स्थिति नियंत्रित करने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए महिला पुलिस कर्मचारियों को भी मौके पर तैनात किया गया। यही नहीं, प्रशासन ने लगातार हालात पर नजर रखा। इस कार्रवाई के विरोध में स्थानीय जन प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई रोकने और प्रभावित लोगों की समस्याओं पर विचार करने की मांग की।

## मुख्यमंत्री नारायणपुर से आज जारी करेंगे महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 जनवरी को नारायणपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त की राशि जारी करेंगे। प्रदेश की 68 लाख 39 हजार 592 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 641 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया जाएगा।



- प्रदेश की 68 .47 लाख महिलाओं के खातों में 641.34 करोड़ रुपए का होगा अंतरण

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। योजना के अंतर्गत 21 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। योजना के शुभारंभ से अब तक 23 किस्तों के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को कुल 14 हजार 954.42 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा 24वीं किस्त के रूप में 641.34 करोड़ रुपए की राशि जारी किए जाने के पश्चात महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कुल वितरित राशि बढ़कर 15 हजार 595.77 करोड़ रुपए हो जाएगी।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर का राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी नर्सिंग कॉन्क्लेव 1 फरवरी को

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ऑन्कोलॉजी नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी नर्सिंग कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण का आयोजन 1 फरवरी 2026 को आईआईआईटी, नवा रायपुर स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। एक दिवसीय इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देशभर से ऑन्कोलॉजी नर्सें, चिकित्सक, शिक्षाविद एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। कॉन्क्लेव की थीम 'नर्चरिंग होपः एडवांसिंग एक्सीलेंस इन केयर फॉर कॉमन कैंसर्स' रखी गई है। वैज्ञानिक सत्रों में सिर एवं गर्दन, स्तन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, लक्षण प्रबंधन, पुनर्वास, पोषण, मनो-सामाजिक सहयोग एवं पैलिएटिव केयर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। टाटा मेमोरियल अस्पताल और एम्स के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में 'वॉयसेज फ्रॉम द फ्रंटलाइन' पैनल चर्चा, हैंड्स-ऑन वर्कशॉप तथा टेलीहेल्थ पर वाद-विवाद भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह मंच नर्सिंग कौशल सुदृढ़ करने और कैंसर देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। पंजीकरण निशुल्क, लेकिन अनिवार्य है।



### एनआईटी में बीआईएस छात्र अध्यायों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के छात्र अध्यायों हेतु एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों द्वारा भारत सरकार के बीआईएस के सहयोग से किया गया। उद्घाटन सत्र में संस्थान के निदेशक प्रो. एनवी रमणा राव मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। सिपेट रायपुर के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक कुमार साहू एवं बीआईएस रायपुर के वैज्ञानिक-डी एवं संयुक्त निदेशक फालेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, शोधार्थी, बीआईएस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने इंजीनियरिंग शिक्षा, उद्योग एवं कौशल विकास में मानकीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों में बीआईएस अधिकारियों ने छात्र अध्याय गतिविधियों एवं उद्योग सहभागिता की जानकारी दी। उद्योग विशेषज्ञ श्री विभूति भूषण प्रधान ने औद्योगिक मानकों के व्यावहारिक महत्व पर व्याख्यान दिया।



### ओम डेंटल हॉस्पिटल में 9 वर्षीय बच्ची का सफल दंत उपचार

**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित ओम डेंटल हॉस्पिटल में न्यूजीलैंड से आई 9 वर्षीय बालिका का सफल दंत उपचार किया गया। डॉ. स्तुति अग्रवाल (एमडीएस, ऑर्थोडॉन्टिस्ट) ने बच्ची के टेढ़े-मेढ़े दांतों को सुधारकर उसे आत्मविश्वास भरी मुस्कान लौटाई। मरीज की मुख्य समस्या यह थी कि उसके दूध के दांत समय पर नहीं टूटे थे, जिससे स्थायी दांत गलत जगह निकल रहे थे। इलाज के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि ट्रीटमेंट पूरी तरह से दर्द रहित रहे। उपचार सफल होने के बाद बच्ची और उसके परिवार को राहत मिली। डॉ. स्तुति अग्रवाल का कहना है कि बच्चों में दांतों की समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



## स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए अलग से शौचालय बनाने, सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में अपर मुख्य सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले। इसके लिए उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने और दूर करने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने सभी शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए अलग से शौचालय बनाने तथा सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूलों में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने तथा विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब और आवश्यकतानुसार लाईब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### पीएमएवाय 2.0 अंतर्गत जारी कार्यों की जानकारी ली


अपर मुख्य सचिव ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि पीएमएवाय 2.0 की स्वीकृति मिल गई है, जिसमें तेजी से पूर्ण कराएं जा रहे हैं। ऋचा शर्मा ने सुझाव दिया कि इस योजना के तहत ऐसे भवनों के निर्माण करने का प्रयास करें की तापमानरोधी हो, जिससे गर्मी के समय वहां रहने वाले रहवासियों को कम से कम समस्या हो। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली एवं जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को जल्द प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रभारी सचिव को जिले में संचालित प्रोजेक्ट सुरक्षा, प्रोजेक्ट धड़कन, स्मृति पुस्तकालय, प्रोजेक्ट दधीचि सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, डीएफओ लोकनाथ पटेल, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर उपस्थित रहे।

## पुलिस की मुस्तैदी के बीच दिनदहाड़े चाकू से गोदकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र की
- घटना दिनांक को कुछ घंटे पुलिस ने बदमाशों की थाने में हाजिरी परेड कराई थी

पुलिस के एक्शन मोड में होने के बावजूद आजाद चौक थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि चाकूबाजी की घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में हुई थी, गंभीर रूप से घायल युवक दौड़ते हुए आजाद चौक थाना क्षेत्र में हाथी चौक पटरी के पास पहुंचा और वह वहां बेदम होकर गिर गया। अत्यधिक रक्तस्त्राव होने की वजह से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक को डॉयल-112 की टीम उपचार कराने अस्पताल लेकर गई, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



चाकूबाजी की घटना में गुढ़ियारी निवासी दुर्गेश साहू की मौत हुई है। घटना गुरुवार शाम 4 बजे की है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल के पास एक युवक के खून से लथपथ होने की जानकारी मिली। मौके पर डॉयल-112 को रवाना किया गया। जहां पहुंचकर डॉयल-112 की टीम दुर्गेश को उपचार कराने अस्पताल लेकर गई, चिकित्सकों ने दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुढ़ियारी में तनाव का माहौल है। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। हत्या की वारदात के बाद पुलिस अफसरों से संपर्क किया गया तो उन्होंने कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं होने की बात कही। अफसर मामले की पड़ताल करने के बाद घटना के कारण बता पाने की बात कह रहे हैं।

### मुस्तैदी के दावों की खुली पोल

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद राजधानी को तीन जोन में बांटकर आईपीएस से लेकर राज्य पुलिस सेवा के अफसर फील्ड में उतरकर गश्त करने के साथ बदमाशों की धरपकड़ कर रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि एक डीसीपी शराब दुकान में अपने सामने दुकान में शराब खरीदने पहुंचे संदिग्धों की पुलिसकर्मियों से तलाशी तक कराई। साथ ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डीसीपी बदमाशों की परेड कराने के साथ उन्हें अपराध से दूर रहने निर्देश दे रहे हैं। बावजूद इसके बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े युवक पर दौड़ा-दौड़ाकर, चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

## पेज 11 के शेष

### स्टेशन पर मिलेगा ...

लगभग 25 रुपए की कीमत में दाल-चावल, छोले-पुड़ी, राजमा-चावल समेत गर्म पकोड़े और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। रेलवे प्रशासन जल्द ही इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने वाला है। ये फूड वैन स्टेशन परिसर में ही खड़ी रहेंगी, जिससे ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों और वहां आने-जाने वाले लोगों को सस्ता तथा ताजा खाना सुगमता से मिल सकेगा।

### जेल के सिस्टम में ...

कक्ष में फोन से बातें होती हैं, इस दौरान युवती अपने प्रेमी का अपने मोबाइल से रील बनाती है। जेल के बाहर युवती ने पहले वीडियो बनाया, फिर जेल के अंदर प्रेमी से मिलने पहुंची थी। लड़की ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं ...

महापुरुषों के प्रतिमा की उपेक्षा नहीं होगी। नगर निगम के संस्कृति विभाग इस दिशा में नई पहल करने जा रहा है। विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बताया कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों की प्रतिमा के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। निगम के संस्कृति विभाग के रिकार्ड के मुताबिक शहर में अलग-अलग स्थानों पर 56 प्रतिमाएं स्थापित हैं। इसे उनकी जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर उनके योगदान को याद करने नगर निगम का संस्कृति विभाग नियमित रूप से कार्यक्रम का आयोजन करता है। इस मौके पर प्रतिमा की सफाई और फूलमाला बदलने का कार्य किया जाता है, पर बाकी समय में इन प्रतिमाओं की देखरेख में कमी होने से प्रतिमा स्थल पर गंदगी और धूल, मिट्टी की परत जम जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए महापौर मीनल चौबे के मार्गदर्शन और निर्देश पर अब हर सप्ताह नगर निगम की ओर से महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### पुलिस ने दबोचे 100 ...

गुढ़ियारी, पंडरी, खम्हारडीह के बदमाशों की पुलिस ने परेड लेकर उन्हें समझाइश दी कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त हैं, उनके संबंध में पुलिस को जानकारी दें। बदमाशों को प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित थाने में जाकर हाजिरी देने व अपराधों से दूर रहने के निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है, तो तत्काल उपस्थित होने कहा गया। उनके निवास क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने निर्देश दिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में गुंडा, डॉन, माफिया, गैंगस्टर सहित अन्य कई विभिन्न नामों से अपना आईडी बनाकर हाथ में चाकू, तलवार, एयर गन, पिस्टलनुमा लाइटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटो, विडियो व रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम आईडी में अपलोड नहीं करने निर्देश दिए।

**80 साल का बुजुर्ग शराब बेचते गिरफ्तार** -सेंट्रल जोन के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए काशीराम नगर निवासी 80 वर्षीय शेख सकूर के कब्जे से छह लीटर के करीब 33 पाव देशी शराब जब्त की है। आरोप है कि शेख सकूर अपने घर से शराब की अवैध खरीदी-बिक्री करने का काम करता था।

### कमिश्नरेट के छह ...

क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरेट प्रथा 23 जनवरी से लागू हो गई है। कमिश्नरेट में कमिश्नर से लेकर अन्य पुलिस कमिश्नरेट अफसरों की नियुक्ति कर दी गई है। कमिश्नरेट लागू होने के बाद पिछले छह दिनों में कमिश्नरेट में शामिल शहरी क्षेत्र के तीन जोन में डीसीपी से लेकर अन्य पुलिस अफसरों ने जमीनी स्तर पर छापे की कार्रवाई करने के साथ गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इन छह दिनों में पुलिस ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ पुरना सीआरपीसी की प्रतिबंधात्माक धारा 151, 107/16 जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 146/152 के तहत कार्रवाई की है।

### बदमाशों की एडीएम...

किया है। जानकार इसका कारण विधि विभाग द्वारा कमिश्नरेट के अफसरों को अब तक उनके कानूनी अधिकारी नहीं देने की बात बता रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**तरपोंगी।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खैरखूँट में वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। दिन भर चले कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपने गीतों व नृत्यों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नृत्य की विविध विधाओं से सुसज्जित कलाकारों ने पारंपरिक गीतों व नृत्यों से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की इंद्रधनुषी छटा बिखेरी। तो वहीं रिमिक्स गीतों से ऐसा समां बांधा कि लोग झूमने को मजबूर हो गए। देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्यों ने जहां लोगों में देशभक्ति का जोश पैदा कर दिया तो वही पुराने पारंपरिक नृत्यों ने खूब तालियां बटोरी। मंच संचालक शिक्षक संजय कुमार यादव व झनेंद्र निर्मलकर द्वारा कार्यक्रम के दौरान ज्ञान वर्धक प्रश्न उपस्थित दर्शको से पूछते रहे जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच यशोदा साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, पंच गण, स्कूली बच्चे व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्राम डिघारी में आज विशाल हिंदू सम्मेलन

**आरंग।** देशभर में हिन्दू समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मंडल स्तर पर समितियों का गठन कर निरंतर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर जिले के भानसोज मंडल अंतर्गत नाग देवता के वरदानी ग्राम डिघारी में आज 30 शुक्रवार को दोपहर 3 बजे विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता को मजबूत करना है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राघव जोशी उपस्थित रहेंगे, जो हिन्दू एकता और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण लम्बोदर पटेल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंदिरहसौद थाना प्रभारी आशीष यादव तथा ग्राम डिघारी की सरपंच ज्योति नेहरू निषाद की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन को लेकर ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा जा रहा है।

### धान खरीदी में लोचा हाईवे पर जाम आज

**आरंग।** छत्तीसगढ़ के किसानों का दाना-दाना धान खरीदी करने का वादा विफल हो चुका है। किसी भी शर्त में, बिना तारीख बढ़ाए, बचत धान की खरीदी नहीं होने वाली है। किसान नेता पारस नाथ साहू ने कहा कि इस साल खरीदी कम कर ट्रायल लिया जा रहा है। अगले साल से धान खरीदी एवं किसान समृद्धि योजना को बंद करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार के कुछ कुत्सित इरादों को पूरी तरह फेल करने के लिए छत्तीसगढ़ के किसान ठान चुके हैं। इसका निर्णय 30 तारीख को किसानों के महा सम्मेलन एवं चक्का जाम प्रदर्शन के दौरान रसनी टोल नाका पर प्रदेश भर के किसान नेता मिलकर रणनीति बनाएंगे। इस साल कम खरीदी और अगले साल भारी कटौती की योजना को किसान नेस्तनाबूत करेंगे।

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी रामरतन बारले पिता श्री कार्तिक राम बारले निवासी- ग्राम पचेड़ा तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पचेड़ा, प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 648 रकबा 0.240 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है ।अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा । एवं सदभावक क्रेता माना जावेगा ।

दिनांक - 28/01/2026
स्थान - अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा
अधिवक्ता अभनपुर
मो.नं. 9893906809

# दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बहनाकाड़ी के पंथी दल ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ के ग्राम बहनाकाड़ी (आरंग क्षेत्र) के युवा जागृति पंथी नृत्य दल ने पूरे देश को गर्व से भर दिया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संगीत नाटक अकादमी और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (NZCC) द्वारा आयोजित 'वंदे मातरम' थीम पर आधारित इस शानदार कार्यक्रम में दल के कलाकारों ने मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया।

दल प्रमुख वेद प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि वंदे मातरम की अमर धुन के साथ 5000 से अधिक कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके दल ने स्वतंत्रता संग्राम की चेतना, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम को सूर्य और भाव के माध्यम से जीवंत किया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा अन्य विशेष अतिथिगण उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा पंथी कलाकारों को उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा गया।

पंथी नृत्य, जो संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के उपदेशों और सतनामी समाज की शिक्षाओं पर आधारित है, ने राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा दी। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत की 150वीं वर्षगांठ पर यह प्रस्तुति भारत की आत्मा की ध्वनि को एक सूत्र में बांधने का प्रतीक बनी।

**वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर मिला उत्कृष्ट सम्मान**



**श्रद्धा और एकता का प्रतीक**

दल प्रमुख ने कहा, "वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि हमारी एकता और श्रद्धा का प्रतीक है। यह प्रस्तुति युवाओं को हमारी सभ्यतागत विरासत से जोड़ती है और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। दल में शामिल प्रमुख कलाकारों में वेद प्रकाश माहेश्वरी, सुरेंद्र, गिरधारी, संजय, अमन, समीर, आदित्य, पीयूष (नया रायपुर से डायमंड डहरिया एवं साथी) तथा महासमुंद जिले से अजय मिर्चे एवं उनके साथी शामिल थे। यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे सतनामी समाज और पंथी नृत्य की राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करती है। ग्रामीण युवाओं की इस सफलता से प्रेरित होकर स्थानीय स्तर पर ऐसे दल और बढ़ेंगे, जो देश की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर ले जाएंगे।

## धरसींवा में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन का भव्य आयोजन

# मितानिनें स्वास्थ्य सेवा की मजबूत रीढ़ अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

■ सेहत और पोषण पर ध्यान देना जरूरी

क्षेत्र के विकास और जन-स्वास्थ्य को समर्पित विधायक अनुज शर्मा ने आज धरसींवा स्थित मंगल भवन में आयोजित 'स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद' कार्यक्रम में शिरकत की। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति तथा मितानिनों के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की, बल्कि मितानिनों के सेवा भाव को नमन करते हुए उन्हें समाज की सच्ची मार्गदर्शक बताया।

**निस्वार्थ सेवा का दूसरा नाम है मितानिन:** अपने संबोधन में विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मितानिनें केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि वे गाँव के हर घर की 'दीदी' और 'सहेली है। मितानिन स्वास्थ्य प्रणाली की वह रीढ़ हैं, जो शासन की योजनाओं और प्राथमिक उपचार को गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाती हैं। बिना किसी स्वार्थ के गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सेवा करने का उनका जज्बा वंदनीय है। यदि आज हमारे गाँव स्वस्थ और जागरूक हो रहे हैं, तो इसका बड़ा श्रेय इन बहनों को जाता है।जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर, सीईओ आशीष केशरवानी, धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ विकास तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष के.के. वर्मा, अनुपमा वर्मा, पुष्पा बंजारे, सीमा वर्मा, धरसींवा पूर्व सरपंच श्रीमती वहीदा सुल्ताना , पूर्व रैता सरपंच विद्याभूषण वर्मा, पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा, चंद्रकांत साहू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।



**स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण है समृद्धि के तीन आधार**

विधायक ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि एक समृद्ध समाज के निर्माण के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण अनिवार्य स्तंभ हैं। उन्होंने आह्वान किया कि यदि हम अपने परिवेश को स्वच्छ रखेंगे और सही पोषण पर ध्यान देंगे, तो बीमारियां स्वतः ही हमसे दूर रहेंगी। उन्होंने मितानिनों से अपील की कि वे आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखें।

# शासकीय कन्या प्राशा में वार्षिकोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



नगर के सदर रोड स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक शाला (पुत्री शाला) में वार्षिक उत्सव का भव्य और रंगारंग आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं ने अपनी कला और प्रतिभा से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण और सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं तथा सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद सुनीता विनायक धुरंधर ने की, जिन्होंने शाला की व्यवस्थाओं और छात्राओं के अनुशासन की सराहना की। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खिलेश धुरंधर ने कहा कि बालिकाओं की प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय है और वे विकास के पथ पर अवश्य आगे बढ़ेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पार्षद भानमती राकेश सोनकर एवं पार्षद प्रतिनिधि तोषण साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक विनोद गुप्ता की भी सहभागिता रही। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और राष्ट्रीयता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बालिकाओं द्वारा पारंपरिक पंथी, सुवा, संबलपुरी, छेरछेरा, आदिवासी नृत्य एवं नाट्य मंचन, गायन और देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर संचालन शिक्षक पंकज प्रधान ने किया। आभार प्रधान पाठक इंद्रा साहू एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष मधुरिमा पटेल ने व्यक्त किया। शिक्षकगण रूपकिरण गहरवाल, रेणुका साहू, सीमा विशाल एवं व्यापारी बंधु सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# संडी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों ने दर्शकों का मन मोहा



**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक एवं नवीन प्राथमिक शाला नहर पारा संडी के संयुक्त तत्वावधान में शाला परिसर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 29 जनवरी को 11:30 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संगीत संध्या का सफल संचालन पूर्व माध्यमिक विद्यालय संडी के वरिष्ठ शिक्षक व सीएसी युवराम साहू ने किया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। बच्चों को प्रोत्साहित करने दर्शक दीर्घा से इनाम के रूप में नगद राशि भेंट करने का सिलसिला चलता रहा। बच्चों ने राऊत नाचा, जस गीत, सुवा नृत्य, बारहमासी गीत द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की छटा बिखेरते हुए दर्शकों को तालियां बजाने विवश कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में जनपद सदस्य कृष्णा महेश साहू, गांव की सरपंच हेमलता नरेश बंजारे, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पुष्पांजलि राव, भागवत प्रवक्ता पं. सत्यम दीवान, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण पं. छत्रधर दीवान, समन्वयक युवराम टी.के. कोटरे, अरुण कुमार धीवर, धनंजय साहू, गणेश राम साहू, आर.एस. कुंजे, त्रिवेणी ध्रुव, बिरसिंग ध्रुव, बिन्नी पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। शाला प्रबंधन समिति व शाला परिवार की ओर से वरिष्ठ शिक्षक पं. छत्रधर दीवान, सीएसी युवराम साहू एवं समिति अध्यक्ष पुष्पांजलि राव ने कार्यक्रम की सफलता हेतु ग्रामीणों को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।



# कठिया में बकरी शेड के नाम पर लाखों का घपला

**चंदखुरी।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत कठिया में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बकरी शेड निर्माण के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत और मीडिया जांच में पाया गया कि सरकारी कागजों में बकरी शेड का निर्माण पूरा बताकर ठेकेदार को 1,70,998 रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि वास्तविकता में निर्माण स्थल पर केवल गड्ढे खोदे गए हैं और कोई शेड नहीं बना।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि योजना के तहत बकरी पालन को बढ़ावा देने के नाम पर स्वीकृत कार्य में फाइल संधारण और सत्यापन की पूरी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। मस्टर रोल में महज एक मजदूर का नाम दर्ज है, जबकि भुगतान की राशि काफी अधिक है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, इंजीनियर और सत्यापन अधिकारी (एसडीओ) सहित संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी और पैसा सीधे खाते में डाल दिया गया। जिला पंचायत सदस्य कविता हेमंत कश्यप ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग एवं अनुविभागीय अधिकारी आरंग को ज्ञापन सौंपा। और अनियमितता है पर कार्रवाई की मांग की।

# कुकरा में बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई अधर में, कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जनपद पंचायत आरंग अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकरा में शासकीय भूमि से बेजा कब्जा हटाने को लेकर उठा मामला अब प्रशासनिक उलझनों और टालमटोल के चलते और अधिक गरमा गया है। ग्राम पंचायत कुकरा के सरपंच नंदलाल डहरिया के नेतृत्व में सरपंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने ग्रेन व्यवस्था (सामूहिक सहमति) के तहत मंदिरहसौद तहसीलदार को चिन्हित 11 बेजा कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए संबंधित आवेदन सौंपा था। ग्रामीणों का कहना है कि आवेदन सौंपने के दौरान तहसीलदार ने यह कहते हुए ग्रामीणों को असमंजस में डाल दिया कि गांव से 13 अन्य बेजा कब्जाधारियों के विरुद्ध भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इससे जहां पहले से चिन्हित मामलों पर सीधी कार्रवाई होनी थी, वहीं नए मामलों को जोड़कर विषय को उलझा दिया गया। इसके बावजूद बाद में पंचायत भवन में आयोजित बैठक में 11 बेजा कब्जाधारियों एवं तहसील कार्यालय में दर्ज 13 अन्य बेजा कब्जाधारियों के मामलों पर चर्चा कर सहमति बनते हुए संयुक्त कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद राजस्व अमला ग्राम कुकरा के रीवा रोड स्थित बेजा कब्जा क्षेत्र में पहुंचा, जहां संयुक्त रूप से भूमि को समतल कर बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के दौरान जब अमला एक अन्य बेजा कब्जाधारी के बाउंड्री स्थल पर पहुंचा, तो वहां संबंधित ग्रामीण आवेदक की अनुपस्थिति का हवाला दिया गया।

सरपंच ने तहसीलदार के ढुलमुल बातो पर नाराजी जताते हुए तहसीलदार की बातों पर असमर्थता जताते हुए नाराजगी व्यक्त की जिससे तहसीलदार बिना किसी स्पष्ट आश्वासन के मौके से रवाना हो गए। तहसीलदार के इस रवैये से न केवल सरपंच बल्कि समस्त ग्रामवासियों में गहरी नाराजगी व्याप्त हो गई। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के सभी पंचों के एकतरफा समर्थन और पूर्ण सहयोग के बावजूद कार्रवाई को बीच में ही स्थगित कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने ग्रेन व्यवस्था और सामूहिक निर्णय की सार्थकता पर सवाल खड़े किए। ग्रामीणों का कहना है कि जब पूरे गांव की सहमति और प्रशासनिक सहमति के बाद भी कार्रवाई रोकी जाती है, तो फिर ग्राम व्यवस्था का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इस पर सरपंच नंदलाल डहरिया ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि 1 फरवरी तक बेजा कब्जा नहीं हटाया गया, तो ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# जिला महिला खेलकूद प्रतियोगता में दस खेलों पर हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग अभनपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बेलभाठा, अभनपुर में किया गया। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाडिय़ों ने भाग लिया। आयोजन में कुल 10 खेल शामिल रहे, जिनमें खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, रस्साकशी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रमुख रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद विधायक इंद्रकुमार साहू ने खिलाडिय़ो का उत्साहवर्धन करते शुभकामनाये दी।

प्रतियोगिता के रस्साकशी में 9 से 18 वर्ष वर्ग में आरंग प्रथम व तिल्दा द्वितीय तथा 18 से 35 वर्ष वर्ग में धरसीवा प्रथम व अभनपुर द्वितीय रहा। खो-खो में 9 से 18 वर्ष वर्ग में धरसीवा प्रथम, अभनपुर द्वितीय एवं 18 से 35 वर्ष वर्ग में अभनपुर प्रथम, आरंग द्वितीय रहा। फुटबॉल (9 से18 वर्ष) में धरसीवा प्रथम व आरंग द्वितीय रहा। बास्केटबॉल में दोनों आयु वर्गों में धरसीवा ने प्रथम तथा अभनपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष दोनों वर्गों में तिल्दा प्रथम व अभनपुर द्वितीय रहा। हॉकी में दोनों वर्गों में आरंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (18से 35 वर्ष) में शांता ध्रुव (अभनपुर) विजेता रहीं,कुश्ती में 9 से 18 वर्ष वर्ग के 50 किग्रा में नीतू मारकंडे (आरंग) व 53 किग्रा में नेहा साहू (आरंग) प्रथम रहीं। 18 से 35 वर्ष वर्ग में 50 किग्रा में तृप्ति वर्मा (आरंग) एवं 53 किग्रा में नौशीन तरन्नुम (आरंग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में 9 से 18 वर्ष 100 मीटर दौड़ में पुष्प प्रीति साहू (आरंग) एवं 400 मीटर में ईशा रानी (अभनपुर) प्रथम रहीं। तवा फेक में वसुंधरा मांडवी (तिल्दा) प्रथम रहीं। 18 से 35 वर्ष वर्ग में 100 मीटर में अंशु बंजारे (अभनपुर) तथा 400 मीटर में रश्मि ध्रुव (अभनपुर) ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# शिक्षा ही प्रगति का एकमात्र मार्ग इसलिए खूब पढ़ाई करें

■ डॉ बघेल शाला सिलयारी के वार्षिकोत्सव में जिपं सभापति श्रीमती सरोज चन्द्रवंशी शामिल हुईं

**सिलयारी।** धरसींवा विधानसभा के ग्राम सिलयारी स्थित डॉ खूबचंद बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत व सभापति श्रीमति सरोज चन्द्रवंशी सम्मिलित हुए। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेश देने वाले नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति सरोज चन्द्रवंशी ने खूबचंद बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिलयारी एक मॉडल स्कूल बनने जा रहा है और किसी भी छात्र छात्राओं को मोबाइल स्कूल में नहीं लाने की बात कही । विद्यार्थियों के कौशल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आज इस स्कूल के प्रांगण में आप सबकी मुस्कुराहट और प्रतिभा देखकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। इस अवसर पर जिला पंचायत व सभापति सरोज चन्द्रवंशी, विजय साहू (जनपद सदस्य ) , सरपंच श्रीमति रूखमणी साहू,शाला विकास समिति अध्यक्ष अशोक साहू, डॉ के.के. वर्मा,रूपराम केवट ,विनय निषाद,सखाराम खुटे,विकास शर्मा, गणेश धीवर शेखर यादव संतोष शर्मा मनोज शर्मा प्रकाश ठाकुर कादीर कुरैशी प्राचार्या व शिक्षक गण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मजदूरों के बच्चे भी अब पढ़ सकेंगे सीबीएसई-आईसीएसई और अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड वाले स्कूलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के मजदूरों के बच्चे भी अब रेसीडेंशियल स्कूलों में पढ़ाई कर सकेंगे। इन बच्चों को श्रेष्ठ आवासीय विद्यालय सीबीएसई, आईसीएसई, छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड या आईबी जैसे अंतराष्ट्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होने का मौका मिलेगा।

राज्य सरकार के श्रम विभाग ने इसके लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना बनाई है। इसके तहत आवासीय स्कूलों को इमपैनल्ड किया जाएगा और वहां एडमिशन दिलाया जाएगा। खास बात ये है कि इस योजना में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल में पंजीकृत मजदूरों के बच्चे शामिल किए जाएंगे।

राज्य सरकार की यह योजना मंडल के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के उद्देश्य से जिलों में संचालित श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के समान अवसर प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इन स्कूलों में एडमिशन लेने वाले बच्चों के लिए प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तक कॉपी, छात्रावास, भोजन मुफ्त में मिलेगा। इस काम में जो राशि खर्च होगी वह मंडल अदा करेगा।

### एक श्रमिक के दो बच्चे होंगे पात्र

इस संबंध में पात्रता का निर्धारण किया गया है मंडल अंतर्गत 1 वर्ष पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिक के प्रथम 02 बच्चे ही योजना हेतु पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने वाले बच्चे मंडल अंतर्गत संचालित शिक्षा,छात्रवृत्ति राशि संबंधी योजनाओं के लाभ हेतु पात्र नहीं होंगे, लेकिन बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 आने पर मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत, प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होंगे। 10वीं कक्षा के बाद शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। बच्चों को कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए शासन द्वारा विद्यालयों में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम आयु के अनुरूप होना अनिवार्य होगा। लेकिन यह भी जरुरी है कि विद्यार्थी विगत वर्ष में छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन किया हो। इन पात्रता संबंधी शर्तों को पूर्ण करने पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थी को भी सीधे योजनांतर्गत लाभ लेने की पात्रता होगी।

**फीस, यूनिफार्म, रहना-खाना फ्री**



- श्रम विभाग की अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना
- छठवीं से बारहवी तक कराएंगे पढ़ाई

### 6 से 12 तक करेंगे पढ़ाई

इस योजना के तहत एडिमशन लेने वाले बच्चों का चयन इस नियम से होगा। भारतीय सरकारी स्कूलों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 10 वर्ष है एवं अधिकतम आयु 12 वर्ष, या जन्म तिथि 1 अप्रैल, 2012 के बीच होनी चाहिए। यह राष्ट्रीय शिक्षा भीति 2020 और बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुरूप है। शिक्षा मंत्रालय ने इस आयु सीमा को 2024-25 सत्र से लागू करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र जारी किए हैं। इसी नियम के आधार पर इस योजना के तहत बच्चों का चयन किया जावेगा।

### आवेदक अधिक हुए तो होगी चयन प्रवेश परीक्षा

नियम में साफ किया गया है कि अगर आवेदक बच्चों की संख्या अधिक हुई तो उनमें से चयन के लिए परीक्षा ली जाएगी। चयन प्रवेश परीक्षा वह परीक्षा होती है जिसे विशेष शैक्षणिक संस्थानों में छात्र भर्ती के लिए आयोजित किया जाता है। यह परीक्षा छात्रों की योग्यता, ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। यदि आवेदन की संख्या निर्धारित आबंटित सीटों से अधिक हो तो, आवेदन कर रहे बच्चों का चयन प्रवेश परीक्षा आयोजित कर उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजिम कुंभ के लिए सीएम साय को किया आमंत्रित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार भेंट कर राजिम कुंभ कल्प 2026 के लिए उन्हें आमंत्रित किया। यह भेंट मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई, जहां मंत्री श्री अग्रवाल ने इस भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियों और महत्व पर विस्तार से चर्चा की। राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रमुख प्रतीक है। यह कुंभ मेला परंपरा से प्रेरित विशाल स्नान पर्व है, जिसमें लाखों भक्त भाग लेते हैं। वर्ष 2026 का यह कल्प विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह राज्य की पर्यटन क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का अवसर प्रदान करेगा। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान आयुक्त रायपुर महादेव कावरे एवं कलेक्टर गरियाबंद बीएस उईके भी उपस्थित रहे।

### सीएम साय से आंध्रप्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंत्रालय महानदी भवन में आंध्रप्रदेश सरकार के बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन के अध्यक्ष दिनकर लंका ने सौजन्य भेंट की। यह भेंट आंध्रप्रदेश सरकार के अध्ययन दौरे के अंतर्गत हुई। श्री दिनकर लंका ने बताया कि भेंट अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, फ्लैगशिप परियोजनाओं, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) तथा छत्तीसगढ़ राज्य की सफल कार्यप्रणालियों का अवलोकन करना रहा। भेंट के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, अमृत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम जनमन, लखपति दीदी योजना, आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं पर चर्चा की गई। राज्य नीति आयोग की अधिकारी डॉ. नीतू गार्डिया ने छत्तीसगढ़ विज़न 2047 की जानकारी दी। वहीं श्री दिनकर लंका ने स्वर्ण आंध्र विज़न 2047 के तहत 2.40 ट्रिलियन डॉलर की जीएसडीपी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की जानकारी दी। अध्ययन दौरे को ज्ञानवर्धक बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सर्वोत्तम प्रथाएँ आंध्र प्रदेश में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होंगी।

### सीएम साय ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महात्मा गांधी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया है। इस अवसर पर उन्होंने शहीद दिवस पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त अमर शहीदों को भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### ग्राम सचिवालय को पुनः प्रांरभ कर पंचायतों को किया जाएगा सशक्त

# आवास बनाने के मामले में छत्तीसगढ़ पहले नंबर पर, प्रतिदिन दो हजार बनाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ग्रामीण अंचल की समस्याओं के तेजी से निराकरण के लिए पुनः ग्रामीण सचिवालय प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा, देश में सबसे तेज गति से आवास बनाने के मामले में छत्तीसगढ़ पहले नंबर पर है। यहां प्रतिदिन दो हजार आवास बनाए जा रहे हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए गए थे। इन आवासों को तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने विभाग द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए नवाचारों, उपलब्धियों तथा भावी कार्ययोजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार को लेकर पहले हमने संघर्ष किया था, अब परिणाम का समय है। चुनाव के बाद शासन ने 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी, जिसमें वर्षों से अधूरे, प्रतीक्षा सूची में शेष, आवास प्लस में शामिल एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के आवासों को स्वीकृति प्रदान की थी। उन्होंने बताया कि न सिर्फ आवासहीनों, बल्कि 3 हजार से अधिक आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को आवास प्रदान किये गये हैं। विशेष पिछड़ी जनजातियों के 33 हजार से अधिक लोगों को पीएम जनमन तथा नियद नेल्ला नार के तहत नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में 9 हजार से अधिक लोगों के आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 2 हजार से अधिक आवास पूर्ण भी हो चुके हैं।

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत विभाग के दो साल की उपलब्धि बताई**

### वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग कर बनाई जा रहीं सड़कें

*पीएम जनमन सडकों के निर्माण में स्वच्छता दीदियों से प्राप्त वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग कर महासमुंद जिले में अमेटी से कमारडेरा, डूमरपाली से कमारडेरा, मामा भांचा से कमारडेरा, जोरातराई से कमारडेरा सड़के बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों 41 ऐसी सड़कें थी, जो कई वर्षों से नहीं बन पायी थी आज उनका निर्माण पूर्ण हो गया है। आठ साल से लंबित सुकमा जिले की ताड़मेटला के तुमड़ीपारा सड़क, दंतेवाड़ा की 20 सालों से अधूरी कटेकल्याण कापानार रोड़ से नडेनार को पूर्ण किया गया है।*



***'छत्तीसकला' ब्रांड की मार्केटिंग कर रहीं महिलाएं :*** *उन्होंने बताया कि राज्य की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राज्य के महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मासिक रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का संचालन प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को किया जा रहा है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का मानकीकरण कर उनकी मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के लिए 'छत्तीसकला' ब्रांड बनाया गया है। बस्तर की महिलाएं गांव में होने वाले वनोपजों का प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग का कार्य भी स्वयं कर रही है। आने वाले समय में दिल्ली, मुम्बई जैसे बड़े शहरों में भी ये महिलाएं अपने उत्पाद बेचती नजर आएंगी।*

***डीलर दीदी कर रहीं बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई :*** *राज्य में आवास निर्माण को गति देने में स्वसहायता समूह की दीदीयों ने भी अहम भूमिका निभाई है, आवास निर्माण के लिए गांव-गांव तक बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई के लिए कहीं डीलर दीदी बनीं तो कहीं सेंट्रिंग प्लेट निर्माण कर गांव में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की। आवास हितग्राहियों को सेंटरिंग प्लेट एवं अन्य निर्माण सामाग्री की आपूर्ति के लिए 8000 से अधिक डीलर दीदी एवं घर बनाने के लिए आरसेटी द्वारा एवं प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से 5000 से अधिक राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया गया है।*

### विशेष पिछड़ी जनजाति की बसाहटों को जोड़ने सड़कें

उन्होंने बताया कि आजादी के बाद पहली बार विशेष पिछड़ी जनजाति की बसाहटों को जोड़ने के लिए पीएम जनमन द्वारा 807 सड़कें बनाई जा रही है। जशपुर के मनोरा विकासखंड स्थित दुर्गम पहाड़ी में बसे बंधकोना बी के पहाड़ी कोरवा एवं कवर्धा के शंभुपीपर में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की बसाहटों तक सड़कों का निर्माण किया गया है। पीएमजीएसवाय के चौथे चरण में लगभग 2500 कि.मी. से अधिक लंबाई की सड़कें राज्य में बनाई जाएगी।

### गांव-गांव में डिजिटल क्रांति

*उन्होंने कहा, हमने चुनाव के समय गांव-गांव में वित्तीय लेनदेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का वादा किया था, आज प्रदेश में दो चरणों में 6,195 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से लगभग 919 करोड़ रूपये से अधिक राशि का ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। अब लोगों को अपना पैसा निकालने और बैंकिंग कार्यों के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। राज्य में समर्थ पंचायत पोर्टल के द्वारा पंचायत करों का संग्रहण ऑनलाईन प्रारंभ कर दिया गया है। धमतरी जिले का सांकरा देश का पहला ग्राम पंचायत है जहां पर टैक्स का संग्रहण यूपीआई द्वारा किया गया। विगत दिनों केन्द्रीय पंचायत मंत्रालय के सचिव ने भी इसकी सराहना करते हुए महराष्ट्र की पंचायतों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही थी। अब मुंम्बई भी रायपुर से सीखेगा किस प्रकार प्रदेश के गांव-गांव में डिजिटल क्रांति को अपनाया जा रहा है।*

# धान खरीदी का अंतिम दौर, टोकनधारी किसान ही बेच पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



**25 लाख किसानों ने बेचा धान**

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी का अंतिम दौर आ चुका है। अब 30 जनवरी को जिन किसानों को टोकन जारी किया गया है उनसे धान की खरीदी की जाएगी। 25 लाख से अधिक किसानों से अब तक 135 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। पंजीकृत 27.43 लाख किसान हैं, इनमें से अभी साढ़े दो लाख से अधिक किसानों ने धान नहीं बेचा है। बताया गया है कि समिति स्तर पर जिन किसानों ने टोकन की मांग की है उनके स्थल का भौतिक सत्यापन के बाद टोकन जारी किया जाएगा।

बताया गया है कि 31 जनवरी को शनिवार होने के कारण खरीदी केंद्रों में किसानों से धान नहीं खरीदा जाएगा। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने अपने तरीके से निगरानी कर खरीदी को सफल बनाने का प्रयास किया है। वहीं अधिकांश किसानों का आरोप है कि उनका धान अभी नहीं खरीदा गया है।

### पिछले साल के बराबर खरीदी का अनुमान

बताया जाता है कि धान खरीदी के तहत इस साल भी पिछले साल के बराबर धान खरीदी होने का अनुमान है। पिछले साले 144 लाख टन से अधिक धान की खरीदी हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि जिलों में उन सभी किसानों का धान लिया गया है जिन्होंने टोकन लिया।

# चलती गाड़ी या विमान में जन्म हो या मृत्यु, सूचना देने की जिम्मेदारी किसकी होगी, आया नया नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 बनाया है। इस नियम के तहत अगर चलती हुई गाड़ी या विमान में किसी का जन्म हो या मृत्यु, इसकी सूचना वाहन या विमान के भारसाधक व्यक्ति को प्रथम विराम स्थल पर नियमानुसार देनी होगी।

- केंद्र ने किया है एक्ट में बदलाव, राज्य ने बनाया नियम
- मामला जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण का

राज्य शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार दरअसल भारत सरकार ने जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के संबंध में अपने एक्ट में बदलाव किया है। इसके साथ ही राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे इसी के अनुरूप नियम में संशोधन कर सकते हैं। सेंट्रल एक्ट बनाने की काम केंद्र सरकार का है। राज्य सरकार इसी के तहत नियम बनाती है। इसी हिसाब से राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 बनाया है।

### नियम में शामिल है ये बात

चलते हुए यान में जन्म या मृत्यु होने के संबंध में यान का भार साधक व्यक्ति प्रथम विराम स्थान पर धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन सूचना देगा या दिलवायेगा। इसे साफ कर ये कहा गया है कि इस नियम के प्रयोजन के लिए शब्द 'यान' से मतलब है किसी भी प्रकार का ऐसा वाहन जिसका उपयोग भूमि, वायु या जल पर किया जाता हो तथा उसमें ऐसा कोई वायुयान, नौका, जहाज, रेल का डिब्बा, मोटर कार, मोटर साइकिल, गाड़ी, तांगा और रिक्शा शामिल है।




### प्रमाणपत्र में गलती कैसे सुधरेगी

अगर किसी के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में गड़बड़ी या गलती है को उसे सुधारने के संबंध में नियम में साफ किया गया है। यदि रजिस्ट्रार को यह रिपोर्ट किया जाता है कि रजिस्टर में कोई लिपिकीय अथवा औपचारिक त्रुटि की गई है, या यदि ऐसी त्रुटि अन्यथा उसकी जानकारी में आये और यदि रजिस्टर उसके कब्जे में है, तो रजिस्ट्रार मामले की जांच करेगा तथा यदि उसका इस बात से समाधान हो जाये की ऐसी त्रुटि की गई है, तो वह धारा 15 में उपबंधित किये गये अनुसार उस त्रुटि को (प्रविष्टि को शुद्ध करते हुए या निरस्त करते हुए) शुद्ध करेगा और यह बात दर्शाते हुए कि उसे किस आधार पर शुद्ध किया गया है, प्रविष्टि का प्रमाण पत्र राज्य सरकार या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी को भेजेगा।

### गलत प्रमाण पत्र जानबूझकर बनाया तो क्या होगा

*नियम में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति इस बात पर जोर देता है कि जन्म और मृत्यु के रजिस्टर में की गई कोई प्रविष्टि सारतः गलत है तो रजिस्ट्रार उस व्यक्ति द्वारा एक ऐसी घोषणा प्रस्तुत की जाने पर, जिसमें त्रुटि का स्वरूप दर्शाया गया हो और मामले के तथ्यों की जानकारी रखने वाले दो विश्वसनीय व्यक्तियों द्वारा मामले के सही तथ्य बताये गये हों, धारा 15 के अधीन विहित रीति में प्रविष्टि में शुद्धि कर सकेगा। यदि रजिस्ट्रार को समाधान प्रद रूप में यह सिद्ध हो जाये कि जन्म और मृत्यु के रजिस्टर में की गई कोई प्रविष्टि कपटपूर्ण रूप से या अनुचित रूप से की गई है, या कराई गई है, तो यह उसकी रिपोर्ट आवश्यक ब्यौरों सहित मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा धारा 25 के अधीन इस संबंध में सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को करेगा और उससे कोई सूचना प्राप्त होने पर उस मामले में आवश्यक कार्यवाही करेगा।*

# महापौर ने गर्मी से पूर्व वार्डों में पेयजल समस्या से निपटने वार्ड पार्षदों, अधिकारियों की ली बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी से पूर्व महापौर मीनल चौबे ने रायपुर के चार विधानसभा के वार्डो में पेयजल की स्थिति जानने और समस्या के समाधान के लिए महात्मा गांधी सदन में पार्षदों और अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वार्ड पार्षदों के सुझाव और अनुशंसा पर व्यवहारिक रूप से आवश्यकता के अनुसार पाइप लाइन बिछाने का कार्य करवाएं। राजधानीवासियों को गर्मी में शुद्ध पेयजल की किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए शहरी सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरूवार को जोन 4,5,6,10 के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षदों को बुलाकर नगर निगम अधिकारियों के साथ उनकी बैठक आयोजित हुई। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि गर्मी के पूर्व पेयजल संकट से निपटने की पुख्ता तैयारी तत्काल प्रारंभ करें,ताकि गर्मी में नागरिकों को सुगम पेयजल की सतत आपूर्ति करने का कार्य व्यवस्थित रूप से किया जा सके।

- अधिकारियों को दिए निर्देश, पार्षदों के सुझाव और अनुशंसा पर बिछाई जाए पाइप लाइन

उन्होंने पार्षदों को गर्मी के पूर्व वार्ड में पेयजल संकट से निपटने का कार्य अधिकारियों के साथ प्राथमिकता से जनहित में करने सुझाव दिया। बैठक में एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा,अमर गिदवानी, सरिता दुबे, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, अम्बर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, सचिन बी. मेघानी, पार्षद ममता तिवारी, दुर्गा साहू,स्वप्निल मिश्रा,अजय साहू, रवि सोनकर, प्रमोद कुमार साहू सहित अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर सहित अन्य संबंधित अभियंतागण की उपस्थिति रही।

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी रामरतन बारले पिता श्री कार्तिक राम बारले निवासी- ग्राम पचेड़ा तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पचेड़ा, प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 648 रकबा 0.240 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है ।अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा । एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक - 28/01/2026
स्थान - अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा
अधिवक्ता अभनपुर
मो.नं. 9893906809

**श्रीमान जितेन्द्र प्रधान चतुर्थदश जिला न्यायाधीश, रायपुर छ०ग०**

प्रकरण क्रमांक -32 A/2025, प्रोसेस क्रमांक /2025
प्रा.क्र. 243
पेशी दिनांक 16.02.2026

मुस्लिम जमात सुन्नी हल्फी हुसैन — वादी
विरूद्ध
अब्दुल कदीर खान व अन्य — प्रतिवादीगण

बनाम, आशा रात्रे, उम्र करीब 37 वर्ष पति श्री गंगादास रात्रे निवासी ग्राम धरसींवा तह. व जिला रायपुर छ.ग. वर्तमान म.नं. 115 वार्ड नं. 8, ग्राम निमोरा पोस्ट सोन्डर तह. धरसीवा पो.धरसीवा जिला रायपुर छ.ग.

वादी ने आपके विरूद्ध विविध अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पेश किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 16.02.2026 नियत है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 28 माह 02 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

मुहर

जितेन्द्र प्रधान चतुर्थदश जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.

# विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल ने किया 2 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने महापौर मीनल चौबे के साथ मिलकर गुरुवार को डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड और कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें पुष्पांजलि कालोनी अमलीडीह, दुर्गाविहार डूंडा, अक्षत विहार, शाश्वत नगर में एकमुश्त 2 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सीसी रोड निर्माण के नए विकास कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नंदकुमार साहू, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 10 अध्यक्ष सचिन सहित वार्ड पार्षदों की उपस्थिति रही। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो का भूमिपूजन विधायक मोतीलाल साहू और महापौर मीनल चौबे ने किया। जिसमें अमलीडीह में 48 लाख रुपए की लागत से नए सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। श्रीफल फोड़कर इस कार्य का भूमिपूजन किया गया। क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नए विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण कर रहे हैं।

### डीआरएम कार्यालय में मां दुर्गा और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित





रायपुर। रेलवे कर्मियों द्वारा स्क्रैप सामग्री से निर्मित मां दुर्गा एवं भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमाएं डीआरएम कार्यालय परिसर में स्थापित की गई हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा की ऊंचाई 10 फीट तथा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की ऊंचाई 7 फीट है। इन दोनों प्रतिमाओं का निर्माण रेलवे के सुप्रसिद्ध कलाकार अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में मात्र 25 से 30 दिनों की अवधि में 6 रेलवे कर्मियों की टीम द्वारा किया गया है। यह कलाकृति रेलवे में उपलब्ध अनुपयोगी स्क्रैप सामग्री के रचनात्मक एवं कलात्मक उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री देवांगन की कलाकृतियां गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण उन्हें "स्क्रैप के जादूगर" के नाम से भी जाना जाता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


MARUTI SUZUKI ARENA
ऑटो एक्सपो 2025
में सर्वाधिक कार बेचने वाले
नं.1 डीलर
Oldest & Most Trusted
SKY AUTOMOBILES
sales • service • spares - SINCE 1987
आजीवन
रोड टैक्स पर
50%*
की छूट
केवल 7 दिन शेष!
राडा ऑटो एक्सपो का जश्न मनाएं, आकर्षक कीमतों के साथ।
मौका न गवाएं,
जल्द आएं
और सीमित स्टॉक
का लाभ उठाएं
VICTORIS
ICOTY
INDIAN CAR OF THE YEAR 2026
प्रभावी कीमत ₹7.96* लाख
प्रभावी कीमत ₹6.25* लाख
प्रभावी कीमत ₹4.83* लाख
*नियम व शर्तें लागू
38 Years of togetherness
I ♥ SKY
SKY AUTOMOBILES
Oldest & Most Trusted
sales • service • spares - SINCE 1987
रायपुर: मोहबा बाज़ार 0771-4214000, 9893307422, 9826151641.
भाठागांव: रिंग रोड नंबर 1, वॉलफोर्ट सिटी के पास, रायपुर 9893303282.
तेलीबांधा: मेक इन इंडिया स्क्वायर, रायपुर 9109900120 7566673073.


MARUTI SUZUKI
NEXA
100% on road finance
GST rate cut benefits
50%*
Road Tax Benefit
BEST TIME TO BUY
Limited Stock Available
Highest discount of the year
आटो एक्सपो 2025
में सर्वाधिक कार बेचने वाले
नं. 1 डीलर
Own your dream Maruti before the price hike & save big!
RADA AUTO EXPO
20 Jan. - 5 Feb. 2026
HURRY UP AND BOOK YOUR NEXA CAR TODAY
i ♥ SKY
*Terms & Conditions Apply.
BALENO Starts from ₹5,98,900* Auto Expo Savings ₹1,10,000*
FRONX Starts from ₹6,84,900* Auto Expo Savings ₹1,25,000*
GRAND VITARA Starts from ₹10,76,500* Auto Expo Savings ₹3,20,000*
XL6 Starts from ₹11,52,299* Auto Expo Savings ₹1,50,000*
SKY AUTOMOBILES
Oldest & Most Trusted
sales • service • spares - SINCE 1987
NEXA RAIPUR: Besides Magneto Mall, Labhandi, Call: 9111107017
NEXA BALODA BAZAR: Raipur Road, Limahi, Call: 9111107022
NEXA DHAMTARI: Sehra Dabri, Raipur Road, Call: 9111107016

## खबर संक्षेप

### ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

रायपुर। मुख्य सचिव विकासशील ने गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य सचिव ने मंत्रालय सहित राज्य शासन के सभी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनिवार्य रूप से निर्धारित समय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए है।उन्होंने ऐसा नहीं करने वालों को सचेत करते हुए कार्यालय में निर्धारित समय पर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने कहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करना स्वीकार नहीं होगा। मुख्य सचिव ने राज्य शासन के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस से ही फाइल संचालन करने कहा है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### रासलीला मृत्युलोक की नहीं दिव्यधाम की लीला : पं.शास्त्री

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत के प्रसिद्ध कथाकार वृंदावनवासी पं. अखिलेश शास्त्री ने कहा कि रासलीला मृत्युलोक की लीला नहीं है, यह दिव्यधाम की लीला है। भगवान श्रीकृष्ण ने रासलीला के लिए श्री किशोरी जी का आवाहन किया। भगवान ने भक्तों के लिए वृंदावन बनाया। इस रासलीला से ब्रह्माजी का मोह चला गया। यमुनाजी की शुद्धि हो गई। वरुण लोक पावन और धन्य हुआ। एक प्रसंग में शास्त्री महाराज ने कहा, सेवाधर्म सबसे कठिन है, किंतु सेवा से आप भगवत प्राप्ति कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद ने सेवा धर्म प्रवर्तन किया। सेवा करते-करते भगवान के प्रति शरणागति आ जाती है। ब्रह्म शक्ति ब्रह्ममुहूर्त में मिलती है। हनुमानजी को लंका में रात्रि में काम, क्रोध आदि के योद्धा मिले, किंतु भक्ति महारानी नहीं मिली। ब्रह्म शक्ति के भक्त विभीषणजी मिल गये।

### साहित्यकार पं. चतुर्वेदी को सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुप्रसिद्ध कवि, साहित्यकार एवं 'पद्मभूषण' सम्मान से अलंकृत पं. माखनलाल चतुर्वेदी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने माखनलाल चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी ओजस्वी और प्रभावशाली लेखनी ने देशवासियों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय सहभागिता के लिए जनमानस को प्रेरित किया। उनकी रचनाओं में प्रकृति-प्रेम के साथ त्याग, बलिदान और देशभक्ति का अद्भुत एवं प्रेरणादायी संगम दृष्टिगोचर होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिलासपुर की सेंट्रल जेल में रचित उनकी अमर कृति 'पुष्प की अभिलाषा' आज भी देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करती है। श्री साय ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी जी का साहित्यिक अवदान और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा और साहित्य साधना की प्रेरणा देता रहेगा।

# ऑनलाइन बुकिंग का असर, 25 से कम टिकट बिकने वाले रिजर्वेशन काउंटर होंगे मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- वर्तमान में 87 प्रतिशत रिजर्वेशन टिकट आनलाइन माध्यमों से हो रहे बुक, जिसके कारण कई काउंटरों की उपयोगिता हुई है कम
- बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को दिए निर्देश, रायपुर रेलवे स्टेशन पहले से हो गया है मर्ज

**एक ही खिड़की पर मिलेंगे जनरल और रिजर्वेशन टिकट**



ट्रेन में सफर करने के लिए यात्री अब ज्यादातर ऑनलाइन टिकट खरीदना पसंद कर रहे हैं। यह स्थिति देशभर में बनी हुई है। यही वजह है कि कई स्टेशनों के रिजर्वेशन काउंटरों में टिकट बुकिंग कम हुई है, जिसे लेकर भारतीय रेलवे ने अपने टिकट बुकिंग सिस्टम को आधुनिक और व्यावहारिक बनाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब उन रिजर्वेशन काउंटरों को बंद या मर्ज किया जाएगा, जहां दिनभर में यात्रियों की संख्या 25 से भी कम रहती है। रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन काउंटरों पर औसतन 25 से भी कम टिकट बुक होते हैं, उन्हें अब अलग से चलाने के बजाय 'पीआरएस-कम-यूटीएस' (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम - कम - अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम) टर्मिनल में बदल दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब यह है कि अब यात्रियों को रिजर्वेशन और जनरल टिकट के लिए अलग-अलग खिड़कियों पर नहीं भटकना पड़ेगा, बल्कि एक ही खिड़की से दोनों तरह के टिकट मिल सकेंगे। रायपुर रेलवे स्टेशन में यह सिस्टम लागू हो चुका है।

### 87 प्रतिशत रिजर्वेशन टिकट आनलाइन से बुक किए जा रहे

रेलवे का यह कदम टिकट बुकिंग के क्षेत्र में बढ़ते डिजिटलाइजेशन का परिणाम है। वर्तमान में लगभग 87 प्रतिशत रिजर्वेशन टिकट आनलाइन माध्यमों से बुक किए जा रहे हैं, जिसके कारण कई भौतिक काउंटरों की उपयोगिता कम हो गई है। संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए रेलवे ने तय किया है कि इन परिवर्तित काउंटरों के संचालन के लिए कोई नया स्टाफ तैनात नहीं किया जाएगा, बल्कि वर्तमान कर्मचारियों को ही जरूरी ट्रेनिंग देकर तैयार किया जाएगा।

### बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को दिए निर्देश

बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को यह भी निर्देश दिया है कि यदि किसी सेंटर पर टिकटों की बिक्री में लगातार गिरावट बनी रहती है, तो संबंधित विभाग चर्चा के बाद उस केंद्र को पूरी तरह बंद कर सकता है। इस बदलाव से रेलवे को अपनी परिचालन लागत कम करने और कर्मचारियों को उन बड़े स्टेशनों पर तैनात करने में मदद मिलेगी जहां यात्रियों का दबाव अधिक है। कुल मिलाकर, मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने रेलवे को अपने पुराने पारंपरिक ढांचों को समेटने और उन्हें अधिक कुशल बनाने की दिशा में मोड़ दिया है।

### रेलवे टिकट प्राप्त करने के लिए कई सरल विकल्प

वर्तमान में टिकट बुक करने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। इसमें आइआरसीटीसी वेबसाइट या मोबाइल एप से ई-टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा स्टेशनों पर आरक्षण केंद्र, सामान्य टिकट खिड़की और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा है। साथ ही, यूटीएस मोबाइल एप, जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) और रेलवे एजेंटों से भी टिकट लिया जा सकता है।

## पीसीसी अध्यक्ष ने दी अब तक की गतिविधियों की जानकारी

# एआईसीसी ने की छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संगठन और अन्य मुद्दों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में गुरुवार को एक अहम बैठक हुई। छत्तीसगढ़ में संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन का पुर्नगठन और अन्य मुद्दों की समीक्षा की। बैठक में हाईकमान ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम मौजूद रहीं है। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के साथ हुई बैठक पीसीसी के कामों को लेकर चर्चा की गई।

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बताया कि प्रदेश में सरकार के कामों के खिलाफ में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन आंदोलन और अभियान सहित वोट चोरी, एसआईआर, मनरेगा को लेकर चर्चा की गई। ये बैठक रणनीतिक तौर पर अहम रही। बैठक फोकस छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को फिर से सक्रिय करना रहा। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी संगठन को लेकर रिपोर्ट ली। संगठन की आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में हाई कमान ने संगठन सृजन अभियान पूरा होने के बाद गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए है। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। अब जनता के बीच सरकार के उन मुद्दों को ले जाएंगे जो जन विरोधी हैं। पार्टी लगातार ऐसे मामलों को उठा रही है।

### संगठन की गतिविधियों पर चर्चा : पायलट

मीटिंग के बारे में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ को लेकर बैठक में चर्चा हुई। अब तक की संगठन की गतिविधियों पर चर्चा हुई है। छत्तीसगढ़ के राजनीतिक मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिया है। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सरकार तमाम मोर्चों पर फेल है। धान खरीदी, लॉ एंड ऑर्डर और विशेष तौर पर माइनिंग को बैक डोर एंट्री दी जा रही है। किसान और आदिवासी क्षेत्र के लोग परेशान हैं। कांग्रेस इन लोगों के साथ खड़े रहेगी, पहले भी हम यह बात कहते थे अब भी कह रहे हैं।

### बैज की प्रशंसा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की गतिविधियों और सक्रियता को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन को मजबूत करते हुए प्रदेश सरकार के हर गतिविधि का विपक्ष के नजरिए से विरोध का क्रम जारी रखा जाए। अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की गतिविधियों का पूरा व्यौरा राहुल और खड़गे के सामने रखा। उन्होंने अब तक किए गए आंदोलन और आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### हम अभी बहुत एग्रेसिव हैं : पायलट

सचिन पायलट ने संगठन के बारे में कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर जो निर्णय लिए हैं, उस पर चर्चा हुई है। हम अभी बहुत एग्रेसिव हैं सरकार पूरी तरह बैकफुट पर है। सरकार को पौने तीन साल बचे है, अब हम नया रोडमैप तैयार कर रहे है। छत्तीसगढ़ के हमारे सारे नेता एकजुट है। स्वार्थ के लिए नहीं लड़ रहे हैं, जनता की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। संगठन, नेताओं और कार्यकर्ताओं में एक अच्छा समन्वय है, इसका परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

# पॉवर कंपनी का 2030 तक खर्च जाएगा 32 हजार करोड़ के पार, सबसे ज्यादा बिजली लेने पर होगा व्यय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का खर्च साल दर साल लगातार बढ़ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा खर्च बिजली खरीदने पर होता है। नए सत्र के टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग में जो याचिका लगाई गई है, उसमें 2030 तक का खर्च और बिजली खरीदी का लेखा-जोखा भी दिया गया है। इसके मुताबिक जहां नए सत्र 2026-27 में पॉवर कंपनी को 25 हजार करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत है। वहीं यह जरूरत 2030 में 32 हजार करोड़ के पार हो जाएगी।

नियमों के मुताबिक जब पॉवर कंपनी नए सत्र के लिए टैरिफ का लेखा-जोखा नियामक आयोग में देती है, तो उसको चार साल के खर्च का हिसाब देना रहता है। एक बार चार साल का लेखा-जोखा देने के बाद फिर हर साल चार साल का लेखा-जोखा देने की जरूरत नहीं होती। इसके समाप्त होने पर ही फिर से चार साल का लेखा-जोखा देना पड़ता है। पिछला चार साल का लेखा-जोखा समाप्त होने पर इस बार नए सत्र के टैरिफ के साथ आने वाले चार साल का लेखा-जोखा दिया गया है।

### इस तरह हर साल बढ़ेगा खर्च

पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका में बताया है कि उसको 2026-27 के लिए 25460.30 करोड़ के राजस्व की जरूरत है। इसमें सबसे ज्यादा 21150.81 करोड़ का खर्च बिजली खरीदने पर होगा। इसी के साथ 3250.34 करोड़ संचारण एवं संधारण का खर्च है। 429.50 करोड़ का ब्याज, 1116.15 करोड़ अन्य व्यय होगा। इसके बाद 2027-28 में बिजली खरीदी पर 22437.96 करोड़ का खर्च होगा। इसके बाद 3614.89 करोड़ संचारण एवं संधारण खर्च, 1259.58 करोड़ अन्य खर्च और 518.27 करोड़ का खर्च ब्याज पर होगा। इस सत्र में कुल 27306.02 करोड़ का खर्च होगा। 2028-29 में 24964.63 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर होगा। संचारण एवं संधारण का खर्च भी बढ़कर 3940.21 करोड़ होगा। अन्य खर्च जहां 1381.35 होगा वहीं ब्याज पर 587.62 करोड़ लगेंगे। ऐसे में कुल मिलाकर 30307.93 करोड़ के राजस्व की जरूरत होगी। इसी तरह से 2029-30 के सत्र में सबसे ज्यादा 27179.48 करोड़ का खर्च बिजली खरीदी पर लगेगा। संचारण एवं संधारण पर 4230.99 करोड़ का खर्च होगा। अन्य खर्च जहां 1488.65 करोड़ होगा, वहीं ब्याज पर 632.33 करोड़ खर्च होगा।

# मंत्रालय घेरने मध्यान्ह भोजन रसोइया की धरनास्थल से रैली पुलिस ने ब्रिज के पास रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइयों ने गुरुवार को मंत्रालय घेरने धरना स्थल से दोपहर बाद रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में दूरदराज से पहुंचे रसोइया शामिल हुए। पुलिस ने रसोइया संघ की रैली को ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। आंदोलनकारी वहीं सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का काम करने वाले 86 हजार रसोइयों की मांग है कि उन्हें कलेक्टर दर मानदेय दिया जाए, छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोइया को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने और अंशकालीन मध्यान्ह भोजन रसोइया को पूर्णकालिक किया जाए।

गुरूवार को धरना स्थल पर मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ के मांगों का समर्थन करने पंडाल पर बालोद क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा पहुंचीं। उन्होंने धरना दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइया से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और उनकी तीन सूत्रीय मांगों अवगत हुईं। धरना स्थल पर आंदोलन कर रही महिलाओं के साथ उनके परिजन भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### तंबू तानकर बना रहे भोजन, चूल्हा राशन पानी साथ लेकर आए

प्रदेश के विभिन्न जिलों से तीन सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटे मध्यान्ह भोजन रसोइया दिन में धरना स्थल के समीप तंबू तानकर मिट्टी से बने चूल्हे में अपने और अपने साथियों के पेट भरने रसोई तैयार करते हैं। वे अपने गांव से राशन पानी लेकर अनजान शहर में मच्छर और गंदगी के बीच दिन बिता रहे हैं।

**खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने फिर जारी किया फरवरी-मार्च का एक साथ चावल**

# भंडारण नहीं होने से चालू माह में कई बीपीएल हितग्राही चावल से वंचित, अगले महीने और बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चालू माह खत्म होने वाला है, लेकिन अभी भी जिले की कई राशन दुकानों में पंजीकृत बीपीएल कार्ड धारकों को इस माह का चावल मिल नहीं पाया है। इन दुकानों में बीपीएल चावल का भंडारण नहीं किए जाने के कारण हितग्राहियों को भी मिल नहीं पाया है। माह खत्म होने में अब आज और कल का दिन बचा हुआ है।

इन दो दिन में अगर राशन दुकानों में बीपीएल का चावल नहीं पहुंचा, तो कई हितग्राहियों को इससे वंचित होना पड़ जाएगा, क्योंकि ईपॉस मशीन में बीते महीने का खाद्यान्न वितरण का ऑप्शन ही नहीं है। इधर एक ओर जहां बीपीएल कार्ड धारक चालू माह के कोटे का चावल नहीं मिलने से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने अगले महीने में फरवरी और मार्च का एक साथ दो महीने का चावल वितरण करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश हितग्राहियों की परेशानी और बढ़ा सकता है, क्योंकि नागरिक आपूर्ति निगम कई राशन दुकानों में खपत और मांग के अनुसार एक माह का चावल भंडारण नहीं कर पा रहा है। ऐसे में दो माह का एक साथ चावल भंडारण करना बड़ी चुनौती होगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय की संचालक फरिहा अलाम ने फरवरी माह में दो माह का एक साथ चावल वितरण की व्यवस्था कराने संबंधी गुरुवार को प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत फरवरी और मार्च माह का चावल राज्य की योजना के तहत अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्त पात्र कार्ड धारकों को एक साथ वितरण किया जाना है। चावल को छोड़कर अन्य सामग्री शक्कर, नमक, गुड़ का वितरण एक माह का ही होगा। इस आदेश में दो माह का चावल आबंटन के अनुसार राशन दुकानों में भंडारण कराने के लिए भी कहा गया है, ताकि शत-प्रतिशत हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के चावल मिल सके।



### आदेश जारी हुआ है

दो माह का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश जारी हुआ है। इसके तहत फरवरी और मार्च महीने का चावल एक साथ वितरित कराया जाएगा।

\- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### परेशानी बढ़ी हुई है

कई दुकानों में बीपीएल चावल का भंडारण नहीं होने से कई हितग्राहियों को अब तक चावल वितरण नहीं हो पाया है। इसके कारण दुकान संचालकों की परेशानी बढ़ी हुई है, वहीं हितग्राहियों को भी चावल मिलेगा या नहीं इसकी चिंता सता रही है।

\- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

### भंडारण में लापरवाही बरती गई तो दो माह का चावल होगा लैप्स

चालू माह में कई राशन दुकानों में पंजीकृत बीपीएल कार्ड धारकों को चावल नहीं मिल पाया है। इन धारकों को अगर दो दिन के भीतर वितरण नहीं किया गया, तो उनका चावल लैप्स हो जाएगा, क्योंकि ई-पॉस मशीन में बीते महीने का चावल वितरण करने का ऑप्शन ही नहीं है। यह स्थिति अगर फरवरी माह में दो माह का एक साथ चावल वितरण के दौरान बनती है, तो कई हितग्राहियों को दो महीने का चावल से वंचित होना पड़ सकता है।

### दुकानदार वाट्सप ग्रुप में लगातार भंडारण की मांग कर रहे

चालू माह में अभी तक कई राशन दुकानों में बीपीएल चावल मांग के अनुसार पहुंचा नहीं है। इसके कारण दुकान संचालक लगातार वाट्सप ग्रुप के माध्यम से बीपीएल चावल भंडारण करने खाद्य विभाग से लेकर नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों से मांग कर रहे हैं।

### चालू वर्ष में ही 3 माह का एक साथ चावल हुआ है वितरण

चालू वर्ष में ही एक साथ तीन माह का चावल भी हितग्राहियों को वितरण किया जा चुका है। राज्य सरकार ने मानसून के सीजन में हितग्राहियों को राशन लेने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए चावल उत्सव के रूप में यह आदेश जारी किया था। इसके तहत जून, जुलाई एवं अगस्त महीने का एक साथ तीन महीने का चावल हितग्राहियों को वितरण किया गया। हालांकि पहले महीने में 30 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पाया था, जिसके कारण शासन को शेष हितग्राहियों को चावल वितरण करने के लिए अंतिम तारीख में वृद्धि करना पड़ा था।

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### दो महत्वपूर्ण सड़क के कार्यों के लिए 65.77 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के विशेष अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलो में महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के कार्यों को कराने के लिए स्वीकृति जारी की गई है।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# डीएसपी से एएसपी बनाए गए 16 पुलिस अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



गृह विभाग ने पिछले वर्ष 30 दिसंबर 2025 को जिन 16 उप पुलिस अधिक्षकों का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रमोशन आदेश जारी किया है। उन सभी पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। प्रमोशन पाने वाले वर्ष 2013 से वर्ष 2015 बैच के पुलिस अफसर हैं। परिवहन विभाग में उप परिवहन आयुक्त के पद पर पदस्थ मनोज ध्रुव यथावत परिवहन विभाग में सेवा देंगे। उनका स्थानांतरण नहीं किया गया है।

जिन पुलिस अफसरों का डीएसपी से एएसपी के पद पर पदोन्नत होने के बाद स्थानांतरण किया गया है। उनके नाम इस प्रकार से है, रितेश चौधरी सूरजपुर से छसबल बालोद, जितेन्द्र कुमार खुंटे दंतेवाड़ा से पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) दंतेवाड़ा, अंजली नाग (गुप्ता) सक्ती से कांकेर, कर्ण कुमार उके रायपुर से गरियाबंद, मनोज कुमार ध्रुव उप परिवहन आयुक्त रायपुर, यथावत, पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव से मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर, मनोज तिर्की बासागुड़ा, पामेड़, उसूर. बीजापुर (05 थाना तर्रेम, मोरकपाल) से सुकमा, सारिका वैद्य महासमुंद से राजनांदगांव, निधि नाग रायपुर से पीएचक्यू, कपिल चन्द्रा दंतेवाड़ा से कोंडागांव, अविनाश कुमार मिश्रा जांजगीर-चांपा से जीपीएम, ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी बस्तर से सरगुजा,योगेश कुमार साहू कांकेर से कांकेर, मयंक तिवारी मुंगेली से कोरबा, रश्मित कौर चावला बिलासपुर से आईसीयूएडब्लू बिलासपुर, अनिल कुमार विश्वकर्मा रायगढ़ से छसबल रायगढ़

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


04



बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ...

**शहीद दिवस पर विशेष :** नक्सली घटना में शहीद हुए जवानों के सपनों को संजोने पुलिस महकमे में पत्नी निभा रही फर्ज

# गर्व का एहसास दिलाती अनूठी शहीद वाटिका, मूर्ति और जवान के नाम से डीडीनगर क्षेत्र से जुड़े मार्ग की पहचान

*रायपुर। वीआईपी रोड स्थित ऊर्जा पार्क में गर्व का एहसास दिलाती अनूठी शहीद वाटिका को संजोया गया है। यहां लगाई गई नाम पट्टिका में राज्य बनने से पहले से लेकर अब तक अलग-अलग घटनाओं में शहीद हुए जवानों के नाम अंकित कराने के साथ ही सहेजा गया है। नक्सली घटनाओं में प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के बाद अब उनकी पत्नियां भी पुलिस महकमे में फर्ज निभा रही हैं। पति के सपने पूरे करने के साथ ही बच्चों का जीवन संवार रही हैं। उनका मत है कि इस रास्ते की युगल किशोर वर्मा मार्ग के रूप में पहचान, साइंस कॉलेज परिसर में मूर्ति गर्व की अनुभूति देती है।*











## गार्डन में जवानों की स्मृति से जुड़ते हैं लोग

फॉरेस्ट विभाग द्वारा ऊर्जा पार्क क्षेत्र में ही एक अनूठी वाटिका तैयार की गई है। इस कैंपस में जाने वाले लोगों को अमर जवान चौक के साथ ही चारों तरफ हरियाली का एहसास मिलता है। जहां शहीदों के नाम से रोपे गए पौधे अब पेड़ का स्वरूप ले चुके हैं। इस कैंपस में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से पहले 1988 से लेकर अब तक अलग-अलग हमलों में शहीद हुए जवानों की स्मृति से लोग भी जुड़ते हैं। इस गार्डन में हर वर्ग के लोग समय बिताने के लिए पहुंचते हैं। इस गार्डन को विभाग ने भी हर तरह से सुरक्षित रखने का इंतजाम किया है।शोध करने वाले विद्यार्थी ही नहीं, साहित्यकार और अपनों को खोने वाले परिवार के लोग भी विशेष अवसर पर और सामान्य दिनों में भी कुछ पल बिताने के लिए पहुंचते हैं।

## युवाओं को मिलता है शहीद वीके चौबे सम्मान



शहीद विनोद कुमार चौबे की धर्मपत्नी रंजना चौबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस के एकमात्र अधिकारी हैं, जिन्हें भारत का दूसरा सबसे बड़ा वीरता पदक "कीर्ति चक्र" प्राप्त हुआ है। 12 जुलाई 2009 को अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने अपने मातहतों की रक्षा के लिए एक नायक की तरह पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए देश के लिए अपना बलिदान दिया। बिलासपुर स्थित उनके गृहग्राम में उनकी स्मृति में प्रतिमा और भवन का निर्माण किया गया है। शासन द्वारा हर साल खेल दिवस पर शहीद वीके चौबे सम्मान भी दिया जाता है। गर्व की अनुभूति के साथ ही समाज में लोगों से आत्मीय सम्मान मिलता है। उन्होंने नक्सली घटना के उस पल को याद करते हुए कई यादें साझा कीं।

## उनके सपने को साकार करने का प्रयास कर रही



हर साल 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का निधन हुआ था। देश के लिए यह दिन बड़े आघात की तरह है। इसकी जानकारी देते हुए हरिभूमि ने जब रायपुर से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कनकी गांव निवासी नक्सली घटना में शहीद हुए युगल किशोर वर्मा की भाभी मंजू वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके जाने के बाद देवरानी माधुरी वर्मा ने भी पुलिस विभाग में सेवा का निर्णय लिया, अब वे रायपुर में पदस्थ हैं। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सेवा दे रहीं श्रीमति वर्मा ने बताया कि घर में उनके तीन भाई-बहन पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। उनके सपने को साकार करने का प्रयास मैं भी कर रही हूं। आगे बताया कि उन्होंने साइंस कॉलेज हॉस्टल से पढ़ाई की, अब उसी कैंपस में प्रतिमा और डीडीनगर में गोल चौक क्षेत्र में मार्ग को युगल किशोर वर्मा के नाम से पहचान मिलने से गर्व की अनुभूति होती है।

## लोगों को भी पुलिस सेवा से जुड़ना चाहिए



कुशालपुर चौक निवासी शहीद आकाश राव गिरपुंजे के चाचा बसंत गिरपुंजे ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में फर्ज निभाते हुए नक्सली घटना में शहादत की जानकारी 9 जून 2025 को सुबह 9 बजे मिली थी। उस पल को कभी नहीं भुला सकते हैं। वहीं आकाश राव के बाद अब उनकी पत्नी स्नेहा गिरपुंजे चंदखुरी में डीएसपी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके होने पर घर के जैसा माहौल रहा। उनका सपना था कि परिवार के लोगों को पुलिस सेवा से जुड़ना चाहिए, वे बेटे को पुलिस बनाना चाहते थे, अब उनके सपनों का पूरा करने का प्रयास कर रही हूं। देशसेवा की भावना से जुड़े रहने का प्रयास जारी रखना चाहती हूं।

### कैंपस इवेंट

## ऑल इंडिया मुशायरा कल होगा नामचीन शायर करेंगे शिरकत




रायपुर। बज्मे अदब के तत्वावधान में ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आठवां आयोजन आगामी 31 जनवरी 2026 को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया जा रहा है। इसमें देशभर के नामचीन और मकबूल शायर शिरकत करेंगे। इनमें जनाब आलम खुर्शीद, मोहतरमा तारा इकबाल, प्रो रहमान मुसव्विर, मोहतरमा नीलोफर नूर, कुंवर रंजीत चौहान, मोहतरमा प्रियंवदा सिंह इलहाम, जनाब तसनीफ हैदर, मोहतरमा राफिया जैनब के साथ ही प्रदेश की नामचीन शायरा मोहतरमा नुरुस्सबा एवं वरिष्ठ शायर जनाब शरीफ बिलासपुरी शिरकत करेंगे। बज्मे अदब के हवाले से यह ऐलान किया गया है कि इस आठवें आयोजन में उर्दू जुबान की तरक्की और अदब की बेहतरी के लिए योगदान करने वाले वरिष्ठ शायर मोहतरम शरीफ बिलासपुरी एवं मोहतरम गौहर जमाली साहब का एजाज (सम्मान) भी किया जाएगा।

### 2015 से चल रहा मुशायरे का सिलसिला

इस मुशायरे का सिलसिला साल 2015 से जारी है। यह एक पहल है, जिसमें अब तक 7 ऑल इंडिया मुशायरे, गुफ्तगू और दीगर प्रोग्राम आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व में ऑल इंडिया मुशायरे में जनाब गौहर रजा, मरहूम फहमी बंदायूनी, जनाब इकबाल अशहर, जनाब आमिर इमाम, जनाब राजेश रेड्डी, जनाब मदन मोहन दानिश, जनाब अजहर इकबाल, मोहतरमा तारा इकबाल, मोहतरमा पूजा भाटिया, मोहतरमा शगुफ्ता यास्मीन जैसी कई नामचीन हस्तियां शिरकत कर चुकी हैं। बज्मे अदब की जानिब से आगामी आयोजन में भी शहर के तमाम सुधिजनों और साहित्य प्रेमियों से बड़ी तादाद में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### लाइव इवेंट

## जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई गुरुओं ने मंच से दिया आशीर्वाद




रायपुर। पर्वत से भी ऊंचे इरादे हैं, इस संकल्प को जूनियर्स द्वारा दी गई विदाई पार्टी में गुरुओं की उपस्थिति में सीनियर्स ने दोहराते हुए कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि नई शुरुआत की पहल है। अवसर था होली हार्ट्स स्कूल में 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के सीनियर्स को विदाई पार्टी का। इसके लिए विद्यालय में भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर परंपरागत वेशभूषा में नजर आए। वहीं हेडगर्ल समृद्धि केसवानी ने कहा कि धैर्य, मेहनत, अनुशासन एवं कॅरियर, कॉस्मो साइंस से लेकर 'लोकभवन' तक का सफर हमेशा स्मरणीय रहेगा। वहीं हेड ब्वॉय दिलप्रीत सिंह सैनी ने अपने 15 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि संस्कार और लीडरशिप करने का अनुभव इसी विद्यालय में मिला। एक विद्यार्थी से लेकर खिलाड़ी बनने तक की भूमिका इस विद्यालय में निभाई। 12वीं के विद्यार्थियों में मिस एवं मास्टर अप्रिशिएशन अवार्ड लब्धि छाजेड़ और दृश्य सिंह को मिला। मिस एवं मास्टर पंक्चुअल शताक्षी शर्मा और आदित्य कुमार साव को चुना गया।

### सफर में भटकाने वाली शक्तियां मिलेंगी

अगले क्रम में मिस एवं मास्टर पॉपुलर ईशिता इजवानी, दिलप्रीत सिंह सैनी, मिस एवं मास्टर प्रोएक्टिव आकृति अग्रवाल गौरांग बार्वे, मिस एवं मास्टर टैलेंटेड पूर्वी मुकीम, जैनम पिंचा, मिस एवं मास्टर एथलीट स्तुति मिश्रा, ऋषभ शर्मा, मिस एवं मास्टर कैबिनेट तनिष्का ओझा और देवेश सिहानी को मिला और मिस एवं मास्टर फेयरवेल भव्या प्रजापति, इशमीत सिंह होरा को उत्कृष्ट योग्यता के आधार पर टाइटल दिया। संस्था के चेयरमैन आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह ने 12वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूल से निकलकर कॉलेज जाने के सफर में भटकाने वाली शक्तियां मिलेंगी, आपको भटकना नहीं है। प्राचार्य नीपा चौहान, हेड मिस्ट्रेस शालिनी अग्रवाल उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने थीम बेस्ड आउटफिट में भरतनाट्यम छत्तीसगढ़ी और बॉलीवुड सांग्स पर मचाई धूम

*कालीबाड़ी स्थित लक्ष्मीनारायण कन्या स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। यह गुरुकुल परिसर में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। जहां समारोह में स्कूली छात्राओं ने थीम बेस्ड आउटफिट में भारतनाट्यम, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य-गीत और फिल्मी गानों पर धमाकेदार प्रस्तुति से टीचर्स, स्टूडेंट्स, पैरेंट्स और अतिथियों को खूब इंटरटेन किया।*





रायपुर। वार्षिकोत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसमें सामूहिक सरस्वती वंदना गायन के साथ ही सरस्वती मां का रूप धराण कर भरतनाट्यम की प्रस्तुति से भक्ति का माहौल बनाया। वहीं पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेषभूषा में छात्राओं ने सामूहिक गीत व नृत्य करमा-ददरिया से समारोह में समां बांधा। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्राओं ने अपनी कला-प्रतिभा के साथ ही भारतीय संस्कृति को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया। समारोह में उपस्थित दर्शकों ने खूब एंजॉय किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा रहीं। इस दौरान प्राचार्या मनीषा गहोई और स्कूल के शिक्षक-स्टॉफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

### विजेता और मेधावी छात्राएं पुरस्कृत

समारोह में स्कूल के मेधावी छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं प्रतिभागी छात्राओं को शानदार कला-प्रतिभा की प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। अतिथियों व प्राचार्या ने छात्राओं की सराहना करते हुए उनकी स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में छात्राएं, पैरेंट्स और अतिथियों को अपने बीच पाकर उत्साह व प्रेरणा से गदगद हो उठे।

## मैक कार्निवल युगांतर उत्सव का भव्य मंच कल सजेगा, तैयारी में जुटा प्रबंधन

रायपुर। समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) में 31 जनवरी को 20वां वार्षिक उत्सव 'मैक कार्निवल' आयोजित किया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव का आगाज ''युगांतर' के नाम से किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। आयोजन के लिए सजाए जाने वाले मंच पर कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी मंचस्थ होंगे। इस उत्सव की रंगारंग प्रस्तुति के लिए कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने तैयारी की है। इस बार मैक कॉर्निवल'युगांतर के अंतर्गत नृत्य के माध्यम से आदिमानव काल से एआई युग परिवर्तन की सुंदर मनमोहक झलकियां देखने को मिलेंगी।

### आकर्षण का केंद्र होगा फैशन शो और थीम

कॉलेज प्रबंधन के साथ ही मैक म्यूजिक द्वारा मधुर संगीत से सुरों का जादू बिखेरा जाएगा। फैशन शो को नए रंग और नई थीम के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जो सभी के लिए प्रभावशाली और यादगार अनुभव होगा। इस वर्ष भी मैक में वार्षिकोत्सव के साथ नए अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है । कॉलेज में वर्षभर होने वाले सभी आयोजनों में विशेष रूप से भाग लेने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मनित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे किया जाएगा।

### सिटी इवेंट

## रेनबो थीम पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लोकनृत्य से मचाया धमाल



रायपुर। विप्र पब्लिक स्कूल में रेनबो थीम पर वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा किया गया। इस एनुअल फंक्शन की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। फिर बच्चों का धमाल, मस्ती और शोर के साथ कार्यक्रमों का दौरा दो घंटे तक चलता रहा। पीपी वन से लेकर दसवीं कक्षा के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ और विभिन्न प्रांतो के लोकनृत्य और चक धूम धूम जैसे बच्चों के सांग्स पर मनमोहक डांस ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। स्कूली बच्चों के कला प्रतिभा को टीचर्स, पैरेंट्स व अतिथियों ने उत्साहवर्धन किया। इस शानदर प्रस्तुति के लिए विप्र पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पद्मा ओझा ने बच्चों की सराहना की। इस वार्षिकोत्सव में महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. एसके पांडेय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शुल्क नियामक आयोग एवं पूर्व कुलपति के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### इनकी भी रही उपस्थित

इस अवसर पर विप्र पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुबीर तिवारी, शिक्षण समिति के संचालक उमाकांत तिवारी, नगरपालिका निगम रायपुर एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, पार्षद मीना ठाकुर एवं शासकीय डगनिया स्कूल के प्राचार्या अल्का तिवारी ने भी बच्चों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों ने वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**कार्नर न्यूज**

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दम**

# मैदान पर दिखा 'पैरा एथलीट्स' का पराक्रम, महासमुंद और गरियाबंद के खिलाड़ियों ने लहराया जीत का परचम

*रायपुर 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन खिलाड़ियों के जबरदस्त जोश और जुनून के नाम रहा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले विभिन्न मुकाबलों में प्रदेशभर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। रेजोनेट राउंड टेबल 312 और लेडीज सर्कल 180 द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 570 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि मुंबई से पधारे राउंड टेबल इंडिया (एरिया 3) के चेयरमैन अमित बरड़िया और एरिया वाइस चेयरमैन गगन अरोरा व चेयरमैन रजत खटोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे और दिलीप सिंह चौहान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने इस कठिन आयोजन को सफलतापूर्वक कराने के लिए आकाश तिवारी का विशेष आभार व्यक्त किया।*




### इन जिलों का रहा दबदबा

विजेताओं की सूची में रायपुर के तुषार सप्रे, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के ओम कुमार यादव और बालोद के देवराम पटेल ने भी अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। प्रतियोगिता के दौरान रिजोनेट राउंड टेबल 312 से रजत खटोर, नेहा खटोर, संदीप साहू, नम्रता साहू, प्रतीक गोलछा, रितेश बजाज, अमन अग्रवाल और मनीष ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



### मैदान पर दिखा पदक जीतने का जुनून

दौड़ में दृष्टिबाधित (टी13) 100 मीटर दौड़ में ओमप्रकाश ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि महासमुंद के केशव प्रसाद दूसरे और बलौदाबाजार के विद्यासागर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 200 मीटर (टी12) दौड़ में महासमुंद की ज्योति निषाद ने बाजी मारी। वहीं सीनियर महिला (टी11) वर्ग में महासमुंद की ईश्वरी सिदार ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। गोला फेंक में अस्थिबाधित (एफ45) कैटेगरी में रायपुर के पूरण दास कुर्रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सीनियर वर्ग (एफ47) में गरियाबंद के जितेंद्र साहू प्रथम और रायगढ़ के बसंत कुमार द्वितीय स्थान पर रहे।

## सिटी लाइव

## कौशल्या माता धाम में 51 फीट की प्रभु श्रीराम की वनवासी प्रतिमा होगी स्थापित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चंदखुरी स्थित कौशल्या माता धाम में प्रभु श्रीराम की भव्य 51 फीट ऊंची वनवासी स्वरूप से सुसज्जित नई प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। ग्वालियर से मूर्ति लाने विशेष टीम रवाना हो चुकी है, जो शीघ्र ही शुभ मुहूर्त में प्रतिमा स्थापित करेगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रयासों से यह धार्मिक स्थल और भव्य बनेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने समय पर यह कार्य पूर्ण होने पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की पूरी टीम को बधाई, शुभकामनाएं दीं और कहा कि कौशल्या माता धाम में प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा की स्थापना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करेगी।

### नई प्रतिमा का विशेष स्वरूप

भगवान श्रीराम की यह प्रतिमा वनवासी रूप में तैयार की गई है, जो वर्तमान मूर्ति की जगह लेगी। ग्वालियर सेंड स्टोन आर्ट एंड क्रॉफ्ट सेंटर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मूर्तिकार दीपक विश्वकर्मा के नेतृत्व में इसका निर्माण पूरा हो चुका है। प्रतिमा की खासियत 108 मनके रुद्राक्ष का उत्कीर्णन है, जो इसे अद्वितीय बनाता है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि पूर्व प्रतिमा टीसीआईएल संस्था द्वारा लगाई गई थी, जो अपेक्षित गुणवत्ता की नहीं थी। सरकार ने तुरंत रिप्लेसमेंट की मांग की और ग्वालियर के प्रसिद्ध कलाकार को कार्य सौंपा। यह निर्णय माता कौशल्या धाम की गरिमा बढ़ाने और धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### प्रतिमा स्थापना से धाम को मिलेगी नई पहचान

प्रतिमा स्थापना से कौशल्या माता धाम धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां देशभर से भक्त दर्शन को आएंगे। लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ेंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देगी। यह राज्य सरकार की धार्मिक स्थलों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

● एनआईटी में रोबो शो का आयोजन, विशेषज्ञ ने स्टूडेंट्स को बताए रोबोट्स के उपयोग

# रोबोट खतरनाक औद्योगिक परिस्थितियों और जोखिम भरे कार्यों में मानव जीवन का रक्षक

*गुरुवार को एनआईटी में रोबो शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन एवं जन्यु टेक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। रोबो शो में विभिन्न रोबोट्स का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिन एवं रात्रि में निगरानी में प्रयुक्त होने वाले रोबोट, चौपाया रोबोट, थ्रो-बॉट, जल के भीतर गाद सफाई में प्रयुक्त रोबोट्स का प्रदर्शन किया गया।*



**रायपुर।** रोबो शो के विशेष अतिथि अभिमन्यु राजा जन्यु टेक के मैनेजिंग डायरेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि उद्योगों में निरंतर उत्पादकता बनाए रखने के लिए रोबोटिक्स सिस्टम अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जहां मानव सीमित समय तक कार्य कर सकता है, वहीं रोबोट लगातार कार्य कर सकते हैं। उन्होंने शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में रोबोटिक्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोबोट खतरनाक औद्योगिक परिस्थितियों और जोखिम भरे कार्यों में मानव जीवन की रक्षा कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि केवल सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं है और वास्तविक सीख के लिए उद्योग–संस्थान सहयोग अनिवार्य है। वहीं एनआईटी स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए रोबोट्स का प्रदर्शन भी किया गया। इस प्रकार रोबो शो कार्यक्रम के माध्यम से औद्योगिक रोबोटिक्स, कौशल विकास और उद्योग–शिक्षा सहयोग के संदेश को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस, सचिव, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा विभाग डॉ. एस. भारतीदासन रहे। विशेष अतिथि आईएएस, आयुक्त, नगर निगम रायपुर विश्वदीप, आईआईटी हैदराबाद के प्रो. सी. कृष्ण मोहन शामिल हुए।

### ड्रेनेज सफाई, जल आपूर्ति और सीवेज लाइन के लिए उपयुक्त

निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम से जुड़े अनुभव साझा करते हुए बताया कि ड्रेनेज सफाई, जल आपूर्ति और सीवेज लाइन की समस्याओं के कारण कई बार जानलेवा दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने ऐसे खतरनाक कार्यों में रोबोटिक्स और तकनीक के उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए सेप्टिक टैंक सफाई जैसे क्षेत्रों में रोबोट्स के उपयोग को समय की आवश्यकता बताया। वहीं कुओं और जलाशयों की सफाई एवं नदी से गाद निकासी के लिए रोबोटिक्स के महत्व को रेखांकित किया।

### इनकी रही उपस्थित

कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग प्रो. श्रीश वर्मा, रोबोटिक्स क्लब के प्रोफेसर-इन-चार्ज डॉ. राजेश डोरिया, अन्य फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## नौकरी की आस में 10वीं-12वीं समेत साइंस-इंजीनियरिंग के युवाओं की उमड़ी भीड़

**राज्य स्तरीय रोजगार मेले में प्रदेशभर से 50 हजार से अधिक शिक्षित युवाओं ने कराया पंजीयन**

रायपुर। सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में गुरुवार को तीन दिवसीय रोजगार मेला का शुभारंभ हुआ। जहां पहले ही दिन नौकरी पाने की आस में राज्यभर के 10वीं, 12वीं पास के अलावा इंजीनियरिंग और साइंस विषयों में ग्रेजुएट युवाओं का इंटरव्यू के लिए तांता लगा रहा। पंजीकृत युवा रोजगार मेले में सुबह 10 से 3.30 बजे तक सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, वेल्डर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, रिशेप्सनिस्ट, टेलीकॉलर, सलोन एक्सपर्ट्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टेक्नीशियन जैसे सैकड़ों पदों पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू सेशन में भाग ले रहे हैं। राज्य स्तरीय रोजगार मेले के सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि इस रोजगार मेले के पहले दिन करीब 5 हजार से अधिक पंजीकृत प्रतिभागियों ने सलेक्टेड कंपनियों को साक्षात्कार दिया। प्रवेशपत्र जारी किया गया है। अभ्यर्थी को पोर्टल पर अपनी योग्यता और पसंद की कंपनी का चयन करने का ऑप्शन दिया गया है।



### पहले दिन इन जिलों से पहुंचे युवा

पहले दिन मेले में रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, धमतरी, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, गरियाबंद, कोरिया, एमसीबी और सक्ती जिले के अभ्यर्थियों ने अपनी पसंद की कंपनियों व पद के लिए इंटरव्यू में भाग लिया। इनमें से ज्यादातर अभ्यर्थियों का कंपनी ने प्राथमिक सलेक्शन कर उन्हें समय दिया है। वहीं कई का तुरंत ही नौकरी लग गई।







## फाउंडेशन फुटबॉल अकादमी ने किया विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन





**नया रायपुर।** फाउंडेशन फुटबॉल अकादमी द्वारा दिनांक 29 जनवरी 2026 को एक अंतर-विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें नया रायपुर एवं रायपुर के कुल 8 विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंकुर गुप्ता एवं डॉ. ज्योत्सना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही श्री राजेश नायर (एस्टेट ऑफिसर, हाउसिंग बोर्ड) एवं श्रीमती बलवंत कौर बाल (समाजसेवी) भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल ने एसवीपी स्कूल को 4–1 से हराया। भारतमाता स्कूल, नया रायपुर ने एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को पराजित किया। डी.ए.वी. स्कूल, नया रायपुर ने किड्स पैराडाइज़ एजुकेशन सोसाइटी को 3–0 से तथा भारतमाता स्कूल, रायपुर ने किड्स पैराडाइज़ स्कूल को 2–0 से हराया।

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 30 जनवरी 2026 को आयोजित होंगे, जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल बनाम भारतमाता स्कूल, नया रायपुर तथा डी.ए.वी. स्कूल, नया रायपुर बनाम भारतमाता स्कूल, रायपुर के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। किक-ऑफ समय दोपहर 12 बजे रहेगा।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 31 जनवरी 2026 को खेला जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि श्री मुस्ताक अली प्रधान जी(vice president chhattis-garh football association,President ,district football association)उपस्थित रहेंगे।

आयोजन को सफल बनाने में सद्भावना हॉस्पिटल, इट्सा हॉस्पिटल, मेफेयर, विनायक जी मार्ट, पंजाब नेशनल बैंक, बाल्को मेडिकल सेंटर, प्रेमा'स बेकरी एवं मोनार्क स्पोर्ट्स का विशेष सहयोग रहा।

### जिम जाने के लिए जरूरी है सही उम्र का पता होना

# जिम जाना सिर्फ शौक नहीं बल्कि आपकी जरूरत में होना चाहिए शामिल, सही उम्र भी जान लीजिए

सोशल मीडिया के इस दौर में हर किसी को एक्सपोजर मिल रहा है, ऐसे में लोगों पर अच्छा दिखने का दबाव काफी बढ़ चुका है। इसके लिए लोग खुद को फिट रखने की हर संभव कोशिश भी कर रहे हैं। खासकर युवाओं और किशोरों में फिटनेस को लेकर क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। फिटनेस के चक्कर में किशोरों और बच्चों में भी जिम ज्वॉइन करने की होड़ सी मच रखी है।ऐसे में यह जानने और समझने की जरूरत है कि आखिर किस उम्र से वर्कआउट या जिम में एक्सरसाइज करना शुरू करना चाहिए। दरअसल, आजकल स्लिम फिगर की चाहत में जहां लड़कियां हर तरह के



वर्कआउट को आजमा रही हैं तो वहीं लड़के सिक्स पैक और एब्स बनाने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। जबकि छोटी उम्र में इतनी अधिक फिजिकल एक्सरसाइज या वर्कआउट सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए इस सवाल का जवाब जानना जरूरी है कि आखिर जिम जाने की सही उम्र क्या है? लखनऊ के जानेमाने फिजिशयन डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने इस बारे में विस्तार से बताया।



### बच्चों के लिए खेलकूद है बेहतर एक्सरसाइज

हमारे एक्सपर्ट डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह बताते हैं कि 14 साल तक की उम्र तक बच्चों के लिए खेलकूद से बेहतर कोई एक्सरसाइज नहीं होती है। क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास में मदद मिलती है बल्कि ये उनके मानसिक सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। दरअसल, इस उम्र के बच्चों में काफी ऊर्जा होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे जिम में पसीने बहाने में इस्तेमाल करें। बल्कि इस उम्र तक के बच्चों के लिए बैड मिंटन, टेनिस, रस्सी कूद, रनिंग और जंपिंग जैसे फिजिकल गेम्स काफी लाभकारी होते हैं। इससे हड्डियों के विकास, शरीर की लंबाई बढ़ने के साथ मोटापे से काफी हद तक निजात मिलती है।


### किशोर इन एक्टिविटी के जरिए खुद को रखें फिट



वहीं 14 से 17 साल तक की उम्र में शरीर के सभी विकसित और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन यह उम्र भी जिम ज्वाइन करने के लिए सही नहीं है। बल्कि इस उम्र में घर में ही योग और एक्सरसाइज का अभ्यास करना चाहिए। इसके अलावा इस उम्र के किशोरो के लिए स्विमिंग और साइकिलिंग बेहतर फिजिकल एक्टिविटी है जो उन्हें सेहतमंद रखने में मददगार होती है।

### इस उम्र में ज्वाइन कर सकते हैं जिम

17 से 18 साल की उम्र में शरीर का लचीलापन दूर हो जाता है, इसलिए इस उम्र में जिम ज्वाइन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप किसी अच्छे जिम संस्थान को ही ज्वाइन करें जहां पर प्रशिक्षित लोग ही फिजिकल एक्टिविटी की ट्रेनिंग देते हो।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड बाफ्टा 2026 की नॉमिनेशन लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा

बाफ्टा 2026 के अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट सामने आ गई है। जहां लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का इस लिस्ट में बोलबाला देखने को मिला। वहीं भारत की मणिपुरी फिल्म ने भी इसमें जगह बनाई है।



ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने इस साल के नॉमिनेशन की घोषणा कर दी है। इन नामांकनों में माइकल बी जॉर्डन की फिल्म 'सिनर्स' और लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सबसे अधिक नामांकन मिले हैं। जबकि टिमोथी चालमेट की 'मार्टी सुप्रीम' दूसरे स्थान पर रही है। यही नहीं बाफ्टा की नॉमिनेशन लिस्ट में भारत की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को भी सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में नामांकन मिला है। इस बार सबसे ज्यादा 14 नॉमिनेशन लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को मिले हैं। 27 जनवरी को बाफ्टा के नॉमिनेशन जारी किए गए। इनमें लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने 14 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। ये 'गांधी' के रिकॉर्ड (16 नॉमिनेशन) से सिर्फ दो कम हैं। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'एटोनमेंट', 'द किंग्स स्पीच' और 'क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन' के बराबर हैं।

इसके अलावा रायन कूगलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिनर्स' को 13 नामांकन मिले हैं। जिससे निर्देशक और अभिनेता माइकल बी जॉर्डन को पहली बार बाफ्टा में नामांकित होने का मौका मिला है। वहीं 'हैमनेट' और 'मार्टी सुप्रीम' दोनों को 11-11 नामांकन मिले। इसके साथ ही टिमोथी चालमेट लगातार दूसरे साल बाफ्टा के बेस्ट एक्टर की रेस में शामिल हो गए हैं।

### टॉलीवुड

## पद्म भूषण की घोषणा के बाद 'पदयात्रा' के सेट पर सम्मानित हुए अभिनेता ममूटी



मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार ममूटी को देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा की जा चुकी है। यह ममूटी के साथ पूरे मलयालम सिनेमा के लिए एक गर्व की बात है। ऐसे में इस सम्मान की घोषणा के बाद अब ममूटी अपनी आगामी फिल्म 'पदयात्रा' के सेट पर पहुंचे, तो वहां फिल्म की टीम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

सोशल मीडिया पर ममूटी की कंपनी, जो कि 'पदयात्रा' के निर्माताओं में से एक हैं। उस कंपनी की ओर से सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट की गईं। साथ ही पोस्ट में ये जानकारी दी गई कि ममूटी को 'पदयात्रा' के सेट पर पद्म भूषण मिलने के बाद सम्मानित किया गया। फिल्म निर्देशक अदूर गोपालकृष्णन ने ममूटी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बाद में इस खुशी के मौके पर फिल्म की टीम ने एक केक भी काटा। इस दौरान फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण कलाकार ग्रेस एंटनी और इंद्रन्स भी उपस्थित रहे। ममूटी मलयालम सिनेमा के पद्म भूषण प्राप्त करने वाले चौथे अभिनेता बन गए हैं। यह सम्मान 1998 में ममूटी को पद्मश्री से सम्मानित किए जाने के 28 वर्ष बाद प्राप्त हुआ है। 'पदयात्रा' ममूटी और अदूर गोपालकृष्णन की साथ में चौथी फिल्म है। इससे पहले वे 'अनंतराम', 'मथिलुकल' और 'विधेयन' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी खास है क्योंकि 32 साल के अंतराल के बाद ये दोनों फिर से साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण ममूटी के बैनर तले हो रहा है। अदूर ने लेखक और पूर्व आईएएस अधिकारी के.वी. मोहन कुमार के साथ मिलकर कहानी लिखी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो ममूटी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पैट्रियट' को लेकर चर्चाओं में हैं। महेश नारायणन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मोहनलाल, फहाद फासिल, कुंचको बोबन, नयनतारा, दर्शना राजेंद्रन और रेवती प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 23 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

### भोजपुरी

## फाल्गुन की दस्तक से पहले खेसारी पर रंगों का सुरूर, स्पेशल गाना रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग के लिए भी खूब मशहूर हैं। फैंस उनके गानों के लिए क्रेजी रहते हैं। नए साल में उनके 'रुमालिया' और 'ओ पिया' सहित कई गाने रिलीज हो चुके हैं। अब फाल्गुन माह की दस्तक से पहले वे फैंस के लिए होली स्पेशल गाना लेकर आए हैं।

खेसारी लाल के नए गाने का टाइटल 'होली परल बा 4 के' है। दरअसल, यह त्योहार मार्च में चार तारीख को पड़ रहा है। गाने के टाइटल में उन्होंने यह तारीख मेंशन कर दी है। गाना बुधवार को सुबह यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज ने मिलकर गाया है। इस गाने में खेसारी शिवानी गुप्ता के साथ नजर आए हैं। गाने की थीम होली का त्योहार और हंसी मजाक है। दरअसल, इसमें जीजा साली के रिश्ते और होली के त्योहार पर होने वाले हंसी-मजाक को दिखाया है। म्यूजिक, खेसारी के डांस और रंगों की फुहार के साथ गाना सुनने और देखने दोनों तरीके से मजेदार है। इस फेस्टिवल सॉन्ग को खेसारी के फैंस पसंद कर रहे हैं। इस पर यूजर्स के पॉजिटिव रिएक्शन आ रहे हैं। खेसारी लाल यादव के वर्क फ्रंट की बात करें तो गानों की बीच वे अपनी नई फिल्म को लेकर भी तैयारियां कर रहे हैं। उनकी नई फिल्म है, 'डीजे खेसारी'। इस भोजपुरी फिल्म का बीते दिनों फर्स्ट लुक शेयर किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इसे जितेंद्र कुमार राय और अमृत कुमार ने प्रोड्यूस किया है।

### कमर्शियल रंग





लाइफ

₹कमर्शियल₹ ऐसा शब्द नहीं है जो आमतौर पर फैशन रनवे से जुड़ा हो, लेकिन हाल ही में यूरोप में मेन्स फैशन वीक में पेश किए गए स्प्रिंग/समर 2026 कलेक्शन में इसका जोरदार असर देखने को मिला। पिछले हफ़्ते एक वेबिनार में फैशन क्यूरेशन मैनेजर नोएमी वॉयर और सीनियर फैशन एनालिस्ट अगाटा कुप्रिजानियुक ने इस सीज़न के लिए उभरते मुख्य थीम्स और ट्रेंड्स का ओवरव्यू दिया।

## भूल से भी चेहरे पर ना करें इन मसालों का इस्तेमाल, वरना सामने आएंगी कई परेशानियां

रसोई में पाए जाने वाले मसाले वैसे तो काफी फायदेमंद हैं, लेकिन कई मसाले चेहरे पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही मसालों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आपको चेहरे पर कभी नहीं करना चाहिए।



### सरसों का पाउडर

अगर आप सरसों के पाउडर का इस्तेमाल अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर रेडनेस, छाले और तमाम तरह की परेशानियां सामने आ सकती हैं।

### लौंग

खाने का स्वाद बढ़ाने वाली लौंग का इस्तेमाल अगर आप चेहरे पर करेंगे तो इससे जलन और एलर्जी की समस्या सामने आ सकती है। इससे चेहरे पर अन्य भी कई परेशानियां सामने आ सकती हैं।

### दालचीनी

दालचीनी जिस तरह से खाने का स्वाद बढ़ाती है, उतना ही ये स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती है लेकिन अगर आप इसका इस्तेमाल स्किन केयर में करेंगे तो ये आपकी परेशानी को बढ़ा सकती है।

### हल्दी

अक्सर लोग कहते हैं, कि हल्दी का इस्तेमाल स्किन केयर में करना चाहिए। इसमें तमाम तरह के एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं लेकिन अगर आप इसका ज्यादा इस्तेमाल करेंगी तो ये त्वचा को पीला कर देगी।

### काली मिर्च

बहुत से लोग काली मिर्च का इस्तेमाल स्क्रब के तौर पर करते हैं। जबकि इसमें पाए जाने वाले तत्व कई तरह की परेशानियों को बढ़ा सकते हैं। इससे स्क्रब करने पर आपकी त्वचा में कट तक लग सकते हैं।

### जायफल

ये शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन अगर आप चेहरे पर जायफल का इस्तेमाल करेंगे तो इससे त्वचा संबंधी कई परेशानियां सामने आ सकती हैं।

## साड़ियों के खास डिजाइन को करें अपनी वार्डरोब में शामिल



साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।



मौका त्यौहारों का हो या शादियों का, ज्यादातर महिलाओं को अक्सर साड़ी पहनना पसंद हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।

### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

## गंदगी की वजह से काले हो रहे पैर ऐसे करें साफ

अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है।



अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं।

## बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। वहीं लिपस्टिक भी कई तरीके के टेक्सचर में आपको मिल जाएंगी और इन्हें लगाने का तरीका भी एक दूसरे से बिल्कुल अलग हो सकता है।



मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद अगर आपके होंठों पर लगी हुई लिपस्टिक फैल जाती है तो आप पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर को लेकर इसे ठीक कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कंसीलर का कलर अपनी स्किन टोन के हिसाब से चुनें और इसके लिए किसी लाइट वेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद आप लिक्विड कंसीलर को ट्रांस्लुसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें ताकि आपका लुक पूरी तरह से ट्रांसफर प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें ताकि चेहरे पर प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम ही रहे। लिपस्टिक लगाते समय आप होंठों को आकर्षक लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। परफेक्ट लुक पाने के लिए लिपस्टिक का शेड अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट के हिसाब से ही चुनें। वहीं अगर आपका आई मेकअप बोल्ड है तो लिप शेड के लिए न्यूड या लाइट कलर का चुनाव करें।होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में लिप शेप के बाहर आप लिप लाइनर का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें।अगर आप मेकअप बिगिनर हैं तो लिप ब्रश की सहायता लेकर ही लिपस्टिक को होंठों पर लगायें।

### कार्नर न्यूज

### इस्तेमाल हो चुके कपड़े भी है बहुत काम के

## फटे-पुराने कपड़ों का घर पर हो सकता है बेहतर इस्तेमाल, फेंकने के बजाए बनाएं शानदार लटकन

अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज की स्टाइलिंग अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से ही करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

अपने लुक को अप-टू-डेट रखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन अपने वार्डरोब में कई तरीके के बदलाव भी करते रहते हैं। बदलते दौर में भी कुछ चीजें एवरग्रीन रहती हैं जैसे कि ब्लाउज में लगी डोरी पर लटकन। हालांकि इसके कई डिजाइन आपको मार्केट से बने-बनाए आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि आप इन लटकन को घर पर भी आसानी से बना सकती हैं। इसके लिए आप पड़े पुराने कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं घर पर पड़े बेकार कतरन के कपड़े की मदद से ब्लाउज पर लगी डोरी के लिए लटकन के लेटेस्ट डिजाइंस।

### थ्रेड वर्क लटकन डिजाइन बनाने का तरीका

अगर आप थ्रेड वर्क वाली लटकन को हैवी लुक देना चाहती हैं तो इसमें ऊपर की ओर आप फ्रिल डिजाइन बनाकर लटकन को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इसमें आप चाहे तो बीड्स और पर्ल्स भी लगवा सकती हैं और इसे और भी ज्यादा हैवी लुक दे सकती हैं। इस तरीके की थ्रेड वाली लटकन पर ऊपर की ओर आप बड़े साइज का मोती लगाकर उसे कवर करके बांध लें।

### बेल डिजाइन लटकन बनाने का आसान तरीका

वहीं अगर आप हल्के वजन में हैवी लुक देने वाली लटकन को ब्लाउज पर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप मल्टी-लेयर की बेल बनाकर अपने हिसाब से इसकी लेंथ को एडजस्ट कर सकती हैं। बेल की मल्टी-लेयर के लिए



आप अलग-अलग कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें नीचे की तरफ आप बार्क किनारी भी लगा सकती हैं।

### गोटा-पत्ती डिजाइन लटकन कैसे बनाए?

गोटा-पत्ती में आपको कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप खुद कस्टमाइज करके लटकन बना रही हैं तो इस तरह से तकिये के डिजाइन बनाकर अंदर रुई भर सकती हैं। वहीं इसमें आप चाहे तो धागे की मदद से कढ़ाई करके अपनी पसंद का कोई डिजाइन भी बना सकती हैं। इसके अलावा इसे हैवी लुक देने के लिए आप पोम-पोम भी लगा सकती हैं। यहाँ कुछ आसान तरीके दिए गए हैं जिनसे आप पुराने कपड़ों से खूबसूरत लटकन बना सकते हैं:

### कतरनों से 'बोहो-स्टाइल' लटकन

अगर आपके पास रंग-बिरंगे सूती या रेशमी कपड़े हैं, तो उन्हें पतली पट्टियों में काट लें। इन पट्टियों को एक साथ बांधकर आप पर्दों, कुशन कवर या झोले के लिए बेहतरीन लटकन बना सकते हैं। आप इसके स्टेप-बाय-स्टेप ट्यूटोरियल पर देख सकते हैं।

### पुरानी जींस से डेनिम लटकन

जींस का कपड़ा बहुत मजबूत होता है। इसकी कतरनों से बने लटकन आपके की-चेन या बैकपैक पर बहुत कूल लगते हैं। जींस के धागों को थोड़ा खींचकर आप इसे 'फ्रिंज' लुक भी दे सकते हैं।

### गोटा-पट्टी और पुराने सूट से सजावटी लटकन

पुराने भारी काम वाले सूट या दुपट्टों के किनारों का उपयोग करके आप दरवाजे के तोरण के लिए लटकन बना सकते हैं। इसमें बीच में एक मोती या लकड़ी का मनका पिरोकर इसे और भी पारंपरिक लुक दिया जा सकता है।

### टी-शर्ट यार्न लटकन



पुरानी टी-शर्ट को काटकर 'यार्न' (धागा) बनाया जा सकता है। इससे बने लटकन काफी सॉफ्ट और बाउंसी होते हैं, जो बच्चों के कमरों की सजावट के लिए एकदम सही हैं। आप इसके बेहतरीन डिजाइन ऑन लाइन देख सकते हैं।